नई दिल्ली
सोमवार, 8 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 235
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 23.0
न्यून. 12.0

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## गौरव खन्ना ने जीता बिग बॉस 19 का ग्रैंड फिनाले



**मुंबई।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 का ग्रैंड फिनाले गौरव खन्ना ने जीत लिया है, जबकि फरहाना भट्ट रनर-अप रहीं। वहीं अमाल मलिक पांचवें, तान्या मित्तल चौथे और प्रणीत मोरे तीसरे स्थान पर रहे। फिनाले में शामिल होने के लिए कार्तिक आर्यन, अनन्या पांडे और करण कुंद्रा जैसे कई सितारे पहुंचे थे। बिग बॉस 19 की शुरुआत 24 अगस्त को हुई थी। सलमान खान ने होस्ट किया।

चीन-पाकिस्तान सीमा पर बनी हुई चुनौती के बीच-

# रक्षा मंत्री ने श्योक सुरंग समेत राष्ट्र को समर्पित की कुल 125 इंफ्रास्ट्रक्टर परियोजनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

भारत को चीन-पाकिस्तान सीमा से दो मोर्चों पर मिलती युद्ध की साझा चुनौती के बीच रविवार का दिन सशस्त्र सेनाओं के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। जिसका मुख्य कारण रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा लद्दाख से एक साथ राष्ट्र को समर्पित की गई कुल 125 (28 सड़कें, 93 पुल और 4 अन्य परियोजनाएं शामिल हैं) सीमाई ढांचागत परियोजनाएं हैं।

जिनके जरिए जम्मू-कश्मीर से लेकर अरुणाचल-प्रदेश तक फैली करीब 3 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा पर भारत की सामरिक क्षमता व नागरिकों की आवाजाही पहले के मुकाबले हजारों गुना मजबूत हो ▶▶ शेष पेज 5 पर

**वर्चुअल माध्यम से किया गलवान युद्ध स्मारक का उद्घाटन**

**सुदूर सीमावर्ती इलाकों में सेनाओं की क्षमता के साथ मजबूत होगी आम-नागरिकों की आवाजाही**




### पीएम के विजन की शानदार मिसाल

ये परियोजनाएं जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख जैसे दो केंद्रशासित प्रदेशों और अरुणाचल-प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल-प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम-बंगाल तथा मिजोरम जैसे 7 राज्यों से जुड़ी हुई हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह सभी परियोजनाएं देश के जवानों के साहस, वीरता का प्रतीक होने के साथ ही हमारे द्वारा उन्हें दी गई सच्ची श्रद्धांजलि है। जो हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। साथ ही यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के विकसित भारत विजन के तहत सीमा संबंधी ढांचे को मजबूत बनाने को लेकर प्रदर्शित की गई प्रतिबद्धता की भी साक्षात मिसाल प्रस्तुत करती हैं। भारत की यही ▶▶ शेष पेज 5 पर

### संयमित रही सेनाओं की प्रतिक्रिया

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता मजबूत कनेक्टिविटी और सशस्त्र सेनाओं, नागरिक प्रशासन व सीमा पर रहने वाले लोगों के बीच बने बेहतरीन समन्वय का परिणाम है। सेनाएं सही समय पर लॉजिस्टिक्स की सप्लाई कर पायी। बर्बरता से किए गए पहलगाम हमले के बाद की गई इस जवाबी सैन्य कार्यवाही के दौरान हमारी सेनाएं बहुत कुछ कर सकती ▶▶ शेष पेज 5 पर

### श्योक सुरंग से एलएसी पर बढ़ेगी क्षमता

मंत्रालय ने बताया, लद्दाख में जिस बेहद महत्वपूर्ण श्योक सुरंग का उद्घाटन रक्षा मंत्री ने किया है। वह 920 मीटर लंबी कट एंड कवर वाली सुरंग है। जो भारत के इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षमता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत करती है। इसका निर्माण बीआरओ ने दुनिया के सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण ▶▶ शेष पेज 5 पर

### गलवान युद्ध स्मारक की विशेषता

गलवान युद्ध स्मारक का संबंध भारत-चीन के बीच 2020 के मध्य में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए सैन्य विवाद से जुड़ा हुआ है। इसी साल जून महीने में इलाके में मौजूद गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई खूनी हिंसक झड़प में भारतीय सेना के 20 कर्मी मारे गए थे। जिनकी याद में इस स्मारक का निर्माण किया गया है। गलवान की झड़प के बाद ही दोनों देशों के बीच एलएसी पर तनाव चरम पर जा पहुंचा था। दोनों तरफ से भारी भरकम हथियारों के साथ सैन्य तैनाती में इजाफा किया गया। लेकिन इस बीच ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### हादसे में एक ही गांव के पांच युवकों की मौत



**जशपुर।** दुलदुला थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-43 पर पंडरीपानी मोड़ के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक भीषण सड़क हादसे में आई-20 कार सवार पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा ग्राम लोरो से पतराटोली के बीच हुआ, जब ट्रेलर और कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर काफी भयावह थी।

### वांगचुक की हिरासत को चुनौती, आज सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें रासुका के तहत उनके पति को हिरासत में लिए जाने को मनमानी कार्रवाई' बताया गया है। सुनवाई न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ करेगी।

### मालगाड़ी की चपेट में आए 5 लोग, 2 की मौत



**जबलपुर।** मदन महल रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। नरसिंहपुर से जबलपुर आए परिवार की तीन महिलाएं और तीन बच्चे ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेटफॉर्म बदलते समय मालगाड़ी की चपेट में आ गए। हादसे में पुष्पा सोनी नामक महिला की मौके पर ही तथा 4 वर्षीय बालक राजवीर लोधी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

**इंडिगो संकट:** सरकार की सख्ती, 6 दिन बाद इंडिगो की 1650 फ्लाइट आसमान में

# एयरलाइन ने 610 करोड़ रु. रिफंड किए यात्रियों को 3 हजार बैगेज भी लौटाए

*इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने बताया कि हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। ऑन टाइम परफॉर्मेंस 75% रहने का अनुमान है। शनिवार को यह आंकड़ा 1500 था। आमतौर पर एयरलाइन रोजाना करीब 2300 उड़ानें ऑपरेट करती है। हमारी सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडिगो में छाए ऑपरेशन संकट के रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ का रिफंड प्रोसेस किया है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3 हजार से ज्यादा बैगेज भी लौटाए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार शाम इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा पैसा नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं।

इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट फुल कैपेसिटी के साथ उड़ान भर रही हैं। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने बताया कि हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। ऑन टाइम परफॉर्मेंस 75% रहने का अनुमान है। शनिवार को यह आंकड़ा 1500 था। आमतौर पर एयरलाइन रोजाना करीब 2300 उड़ानें ऑपरेट करती है। हमारी सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं। रविवार को भी इंडिगो की 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। इनमें दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, भोपाल, ▶▶ शेष पेज 5 पर

**रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा पैसा नहीं लिया जाएगा यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं**



फाइल फोटो

**छठे दिन भी 650 से अधिक फ्लाइट कैंसिल**

### 15 दिन में रिपोर्ट देगा डीजीसीए का जांच पैनल

डीजीसीए ने मौजूदा संकट के पीछे कारणों का पता लगाने के लिए चार सदस्यों का एक जांच पैनल बनाया है। कमेटी में डीजीसीए के जॉइंट डायरेक्टर जनरल संजय के ब्रम्हाने और डिप्टी डायरेक्टर जनरल अमित गुप्ता, सीनियर फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर कैप्टन कपिल मांगलिक और फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर कैप्टन रामपाल शामिल हैं। पैनल 15 दिन के अंदर रिपोर्ट और सुझाव देगा ताकि जरूरी कार्रवाई की जा सके।

### इंडिगो संकट के बीच इस एयरलाइन का बड़ा ऐलान

#### न कैंसिलेशन फीस, रिफंड भी पूरा

इंडिगो संकट के बीच दो एयरलाइंस ने यात्रियों को बड़ी राहत देने का काम किया है। एयर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अब घरेलू उड़ानों की इकोनॉमी ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### सरकार ने अब तक क्या किया?

- कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस करना होगा। अगले 48 घंटों में पैसेंजर के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा।
- कंपनी के सीईओ को 24 घंटे ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### इंडिगो, डीजीसीए और एविएशन मंत्रालय से जवाब मांग सकती है संसदीय समिति

इंडिगो की फ्लाइट्स के बड़े पैमाने पर कैंसिल होने की वजह से देश के एयरपोर्ट पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं, इस मामले में एक पार्लियामेंट्री पैनल प्राइवेट एयरलाइंस के टॉप अधिकारियों और सिविल एविएशन रेगुलेटर को बुला सकता है। जेडीयू नेता संजय झा की ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### इंडिगो संकट पर पायलटों का खुला पत्र

सोशल मीडिया पर इंडिगो पायलटों का एक कथित खुला पत्र आया है, जिसमें सीईओ पीटर एल्बर्स समेत कई शीर्ष अधिकारियों पर एयरलाइन को डूबने की कगार पर पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पत्र में कहा गया है ▶▶ शेष पेज 5 पर

मरने वालों में 18 की हुई पहचान जिसमें 4 टूरिस्ट और 14 कर्मचारी शामिल

# गोवा के नाइट क्लब में फटा सिलेंडर, 25 की हुई मौत

## 50 लोग घायल, पीएम ने दुख व्यक्त किया


हादसे के वक्त का दृश्य

**क्लब प्रबंधक सहित 4 को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

एजेंसी ▶▶| पणजी

गोवा के अरपोरा इलाके में शनिवार देर रात एक नाइट क्लब में सिलेंडर फटने से 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 लोग घायल हैं। मरने वालों में 4 टूरिस्ट और 14 स्टाफ शामिल हैं, जबकि 7 लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। गोवा पुलिस ने क्लब मैनेजर सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक क्लब में करीब 12 बजे सिलेंडर धमाका हुआ। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि कुछ ही मिनटों में आग पूरे क्लब में फैल गई। फायर ब्रिगेड ने काफी देर की ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख देने का ऐलान किया**

### मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा आग लगने की घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मैंने घटनास्थल का दौरा किया और इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच में आग लगने के सही कारणों और अग्नि सुरक्षा मानदंडों और भवन निर्माण नियमों का पालन किया गया था, इसकी जांच की जाएगी। जिम्मेदार पाए जाने वालों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी लापरवाही से सख्ती से निपटा जाएगा।

**सरकार** ला रही है नया नियम

# अब डिजिटल सत्यापन, नहीं रख सकते आधार की फोटोकॉपी!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आधार कार्ड से जुड़ा नया नियम आ रहा है। सरकार जल्द ही ऐसा नियम लाने वाली है जिसमें होटल, इवेंट आयोजकों और ऐसी ही जगहों को आधार कार्ड की फिजिकल फोटोकॉपी लेना और अपने पास रखना पूरी तरह बंद करना होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह बदलाव इसलिए किया जा रहा है क्योंकि पेपर पर आधार की कॉपी रखना निजता के लिए जोखिम बन जाता है और यह आधार कानून के खिलाफ भी है। यूआईडीएआई ने नए नियम को मंजूरी दे दी है और अब इसे जल्द ही अधिसूचित किया जाएगा। नए नियम के तहत अब कोई भी संस्था अगर ऑफलाइन आधार वेरिफिकेशन करना चाहती है, तो उसे यूआईडीएआई में पंजीकरण कराना होगा और डिजिटल तरीकों से ही सत्यापन करना होगा। नए सिस्टम की एक बड़ी खासियत यह है कि यह सर्वर डाउन ▶▶ शेष पेज 5 पर

**6 साल पुराने** रिश्ते पर अब ब्रेक

# क्रिकेटर स्मृति मंधाना और पलाश की शादी टूटी

**पलाश ने भी कहा- वह अब इस रिश्ते से पीछे हट रहे**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने अपनी शादी टलने पर चल रहे लंबे समय से विवाद पर अपना खुलासा कर दिया है।

उन्होंने बता दिया है कि यह शादी रद्द हो गई है। वहीं इस पर अब म्यूजिक कम्पोजर पलाश मुच्छल का भी रिएक्शन सामने आया है। स्मृति की इंस्टा स्टोरी के तुरंत बाद पलाश ने भी इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए कहा है कि वह अब इस रिश्ते से पीछे हट रहे हैं। पलाश मुच्छल ने अपने पोस्ट में लिखा कि मैंने अब अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने का ▶▶ शेष पेज 5 पर

**32 साल बाद** भारत ने शंघाई में खोला नया हाई-टेक वाणिज्य दूतावास

# एलएसी विवाद के बाद भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने की पहल से जुड़ा अहम कदम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

भारत को चीन के शंघाई में अपने वाणिज्य दूतावास के लिए एक नया और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हाई-टेक भवन मिल गया है। जिसका उद्घाटन रविवार को चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने किया।


इस अवसर पर उनके साथ देश के एक अन्य राजदूत (सीजी) प्रदीप माथुर भी मौजूद रहे। बीते करीब 32 सालों में यह पहला मौका है। जब भारत ने चीन के मुख्य व्यापारिक केंद्र में स्थित अपने दूतावास को किसी नए भवन में स्थानांतरित किया है। मालूम हो कि पूर्वी लद्दाख में करीब चार वर्षों से अधिक समय तक चले एलएसी विवाद की पूरी तरह से हुई समाप्ति के बाद धीरे-धीरे सामान्य किए जा रहे भारत-चीन संबंधों के मामले में उठाया गया यह ▶▶ शेष पेज 5 पर



सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर प्रधानमंत्री ने जताया सशस्त्र बलों के प्रति आभार

# बोले, सशस्त्र बलों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प राष्ट्र की रक्षा के साथ-साथ देशवासियों को भी सशक्त बनाता है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सशस्त्र बल झंडा दिवस (एएफएफडी) के अवसर पर देश के तमाम सैन्य बलों द्वारा प्रदर्शित किए जाने वाले अनुशासन, दृढ़ संकल्प और साहस को लेकर उनके प्रति कृतज्ञता के साथ आभार व्यक्त किया। एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस देश की रक्षा करता है और देशवासियों को भी सशक्त बनाता है। इनकी प्रतिबद्धता, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण का एक मजबूत उदाहरण है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने हर खासो आम से सशस्त्र बलों की वीरता और सेवा के सम्मान में सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का भी आग्रह किया है। बताते चलें कि एएफएफडी को लेकर देश के अलग-अलग भागों में सैन्य-नागरिक प्रतिष्ठानों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश के तमाम सैन्यकर्मियों, शहीदों की वीरता और बलिदान का सम्मान के साथ ▶▶ शेष पेज 5 पर

वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात होगी

भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी, एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र जैसे मुद्दों पर भारतीय अधिकारियों से होगी बातचीत

# भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर अमेरिका की अवर सचिव एलिसन हूकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के हालिया संपन्न हुए नई दिल्ली के दौरे के तुरंत बाद अमेरिकी प्रशासन की एक वरिष्ठ अधिकारी और राजनीतिक मामलों की अवर सचिव एलिसन हूकर रविवार से भारत की पांच दिवसीय (7 से 11 दिसंबर तक) यात्रा पर हैं।

जिसका उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकताओं में शुमार द्विपक्षीय सामरिक साझेदारी, आर्थिक-व्यापारिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के अलावा एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र के गठन जैसे मुद्दों पर केंद्रित रहेगा। अमेरिका के दूतावास ने बताया कि हूकर अपनी भारत यात्रा के दौरान नई दिल्ली और बेंगलुरु जाएंगी। जहां उनकी वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात होगी। जिसमें वार्ता में मुख्य रूप से क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और हिंद-प्रशांत के मामले पर चर्चा की जाएगी। यह वो तमाम जरूरी मुद्दे हैं, जो राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत के संदर्भ में प्रदर्शित की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 50 फीसदी टैरिफ से संबंधों में तनाव

गौरतलब है कि अमेरिकी प्रशासन की वरिष्ठ अधिकारी की यह भारत यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब वाशिंगटन डीसी द्वारा रूस से कच्चे तेल खरीद को लेकर नई दिल्ली पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की वजह से दोनों देशों के संबंधों में काफी तनाव बना हुआ है। 50 फीसदी टैरिफ में जुर्माने का 25 फीसदी भाग भी शामिल है। हालांकि राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा के साथ भारत, रूस ने अमेरिका व यूरोप के तमाम देशों को ये स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी सूरत में भारत-रूस के संबंध टूटेंगे नहीं। वो मजबूत थे, हैं और हमेशा बने रहेंगे। रूस के राष्ट्रपति ने कहा था कि मॉस्को से नई दिल्ली को तेल की निर्बाध गति से सप्लाई जारी रहेगी। वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति की स्वदेश यात्रा से अमेरिका के साथ हमारे संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भारत एक स्वतंत्र और स्वायत्त विदेश के तहत ही आगे बढ़ता है और भविष्य में भी ऐसा ही करेगा।

### बेंगलुरु में इसरो का होगा दौरा

बेंगलुरु में हूकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा करेंगी। वहां उनकी देश के अंतरिक्ष, ऊर्जा और तकनीक जैसे क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय लीडर्स से मुलाकात होगी। यात्रा के दौरान वह भारत-अमेरिका शोध भागीदारी में नवाचार को बढ़ावा देने, सहयोग को और अधिक विस्तार देने के लिए जरूरी संभावनाओं को तलाशने के मामले पर भी विचार-विमर्श करेंगी।

## खबर संक्षेप

### चाइनीज लिंक वाले साइबर सिंडिकेट के दो ठग पकड़े

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने एक चाइनीज लिंक वाले साइबर सिंडिकेट का खुलासा किया है। इस सिलसिले में दो जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नकली फर्म के नाम पर खोले गये बैंक खातों का इस्तेमाल ठगी में करते थे। इसके एवज में दोनों चाइनीज सिंडिकेट से 20 हजार रुपये महीना लेते थे। ठगी की रकम का पांच प्रतिशत कमीशन भी इन्हें मिलता था। गत दिनों एक 61 वर्षीय बुजुर्ग नागरिक से निवेश के नाम पर भी 33.10 लाख रुपये की ठगी की गई थी। डीसीपी आदित्य गौतम के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम शिवम सिंह निवासी फैजाबाद, यूपी व लक्ष्य निवासी दिल्ली है। दोनों फर्जी फर्म बेल क्रेस्ट इंडिया प्रा.लि. में डायरेक्टर बन गए थे। इनकी फर्जी कंपनी व उसके बैंक खातों का इस्तेमाल कई राज्यों में हुई ठगी में किये जाने की आशंका है। वरिष्ठ नागरिक द्वारा कराई गई ई-एफआइआई की जांच के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर अशोक की टीम ने शुभम का पता लगाने के लिए दिल्ली एनसीआर में कई जगहों पर छापे मारे लेकिन वह पुलिस के पहुंचने से पहले भाग जाता था। पुलिस से बचने के लिए बार बार सिमकार्ड भी बदल लेता था। काफी कोशिश करने के बाद शुभम को छह दिसंबर को तिलक नगर से पकड़ा गया। उसके पास से एक लैपटाप, दो मोबाइल, पांच चेकबुक, छह डेबिट कार्ड बरामद किए गए।

### मोबाइल टावर के आरआरयू चोरी करने वाला अरेस्ट

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज टीम ने मोबाइल टावर से रिमोट रेडियो यूनिट (आरआरयू) चोरी करने वाले गिरोह से जुड़े व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गाजियाबाद के लोनी निवासी 20 वर्षीय अमन से कई आरआरयू बरामद हुई। वह अपने साथी आमिर के साथ मिलकर अपराध को अंजाम देता था। आमिर को उत्तर प्रदेश पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है और वह न्यायिक हिरासत में है। पुलिस ने करीब 20 लाख रुपये मूल्य के पांच आरआरयू व औजार बरामद किये हैं। आरोपी को उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान इसने बताया कि दसवीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद फूल आपूर्ति करने वाली कंपनी में कार्य किया था। वह दिल्ली में दर्ज हत्या के दो मामलों में भी शामिल रहा है।

### रोहिणी के अमन विहार थाना इलाके की घटना

# हुडदंगी बारातियों ने बस चालक को बेरहमी से पीटा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



रोहिणी जिले के अमन विहार थाना इलाके में शनिवार देर रात हॉर्न बजाने पर बारातियों ने डीटीसी लो फ्लोर बस चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। इलाज के दौरान बस चालक विकास (27) ने कुछ ही घंटों में दम तोड़ दिया। वह हरियाणा के जसौर खेड़ी का रहने वाला था। चालक को बचाने आया राहगीर सूरज भी इस घटना में घायल हुआ है। इस मामले में कार्रवाई करते हुये एक आरोपी राहुल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल तीन अन्य आरोपियों की पहचान हो गई है और उनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।

डीसीपी राजीव रंजन के अनुसार शनिवार रात करीब 11.20 बजे अमन विहार थाने में एक बारात के साथ झगड़े के संबंध पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस सिटी वाटिका, शिव चौक पहुंच गई। पता चला कि एक भीड़भाड़ वाली सड़क पर रास्ता मांगने को लेकर डीटीसी बस के ड्राइवर और शादी में आई एक अल्टो कार चालक के बीच झगड़ा हुआ था। कार चालक ने अपने रिश्तेदारों को बुला लिया और उन्होंने डीटीसी ड्राइवर पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने की कोशिश करने वाले एक राहगीर सूरज को भी चोटें आई। दोनों घायलों को पुलिस ने संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बस ड्राइवर विकास को सफदरजंग अस्पताल के लिये रेफर किया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार दोपहर विकास की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए सेक्टर 37, रोहिणी बस डिपो के कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी और सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने कंडक्टर उमेश (36) के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर चार आरोपियों की पहचान व एक आरोपी राहुल को गिरफ्तार करने का दावा किया है। विकास के चाचा कृष्णा ने बताया कि परिवार में पिता अशोक और बहन हैं। बहन की शादी हो गई है। पिता खेतीबाड़ी करते है। विकास हेलीपेड रोहिणी सेक्टर 37 स्थित डीटीसी बस डिपो में तैनात था और रूट संख्या 944 और डीएल51ईवी2822 नंबर की बस पर ड्यूटी दे रहा था। एक डीटीसी कर्मचारी ने बताया कि सेक्टर 20 शिव चौक से 944 रूट की बस अपना सटल लेकर डिपो जा रही थी। रास्ते में कई बारात घर बने हुए हैं। उन्हीं बारातघरों से एक बारात निकल रही थी। उसमें बाराती शराब के नशे में नाच गाना कर रहे थे। हॉर्न बजाकर रास्ता मांगने पर कार सवार इतना गुस्सा हुये की ड्राइवर की बेरहमी से पिटाई कर दी। यह घटना देख पीछे से आई हुई सभी बस वहां खड़ी हो गई जब तक उन्होंने कॉल करी ड्राइवर को काफी गंभीर चोट आ गई थी।

### भीड़ द्वारा पीट-पीटकर मौत के घाट उतारे चालक को शहीद का दर्जा व परिवार को एक करोड़ देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रोहिणी डिपो से जुड़ी एक डीटीसी बस चालक की लोगों द्वारा पीट पीटकर हत्या करने की घटना के बाद डीटीसी के चालकों परिचालकों में रोष व्याप्त है। घटना के बाद संबंधित डिपो में काम बंद हड़ताल की गई। इस मुद्दे पर चालकों के संगठन डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के अध्यक्ष ललित चौधरी व महामंत्री मनोज शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इसके अलावा संगठन ने दिल्ली सरकार व डीटीसी प्रबंधन से मांग की है कि इन प्राइवेट ऑपरेटरों को मिलकर, मरने वाले ड्राइवर को शहीद का दर्जा देते हुए पीड़ित परिवार को एक करोड रुपए की आर्थिक मदद देनी चाहिए। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन से मांग करती है कि इस कुकृत्य में शामिल सभी आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुए मृतक के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए। संगठन ने कहा इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि डीटीसी बसों के चालक परिचालक सुरक्षित नहीं है। जहां एक तरफ बसो में पब्लिक की सुरक्षा के लिए कैमरा पैनिक बटन तो है। लेकिन दूसरी तरफ पब्लिक से चालक परिचालक की अथवा अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि शनिवार की घटना ने डीटीसी कर्मचारियों को बुरी तरह झकझोर के रख दिया है। जहां जॉब की सिक्योरिटी पहले से ही नहीं है, वहीं अब बेशकीमती जान की सिक्योरिटी भी नहीं बची है। कहीं कारणों से पब्लिक इतनी उग्र हो चुकी है कि किसी की जान लेने से भी परहेज नहीं करती, ऐसी स्थिति में अपनी नौकरी पूरी करना जान से खिलवाड़ है। संगठन ने कहा कि सरकार निजी बसें ला रही है, लेकिन उसमें भी प्राइवेट लालाओं का ड्यूटी ओके करवाने का दबाव अधिकारियों द्वारा बनाया जाता है। जिसके कारण ड्राइवर ड्यूटी ओके करने के लिए जल्दबाजी में रहते हैं ताकि ड्यूटी पूरी हो सके। अगर ड्यूटी ओके नहीं हुई तो नौकरी से निकाल दिए जाने की धमकी दी जाती है पैसे काटे जाते हैं। इस घटना में भी इसी जल्दबाजी में ड्राइवर ने बारात में फंसने से बचने के लिए लगातार एक दो बार हार्न बजा दिया, जो कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन इसी हॉर्न बजाने की मामूली बात से लोग इस कदर नाराज हुए कि उन्होंने चालक को ही पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया। संगठन ने कहा कि इस ड्राइवर की मौत के बाद बेशक कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन तो किया कि न्याय मिल सके, लेकिन होता दिख नहीं रहा है। संगठन मांग करता है कि चालकों पर हर हाल में ड्यूटी ओके करने का दबाव खत्म किया जाना चाहिए । ऐसा न किए जाने पर ऐसे हादसे और दुर्घटनाएं देखने को मिलते रहेंगे, भविष्य में ऐसी घटनाएं और हादसे ना हो इसके लिए ड्राइवर, कंडक्टरों पर ओके ड्यूटी करने का दबाव हटाना चाहिए।

### वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली की तैयारियों को लेकर करावल नगर में कांग्रेस पदाधिकारियों ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



डीपीसीसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव के दिशानिर्देश पर चला रही ब्लॉक कमेटी की मासिक बैठको में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा 14 दिसंबर को राजधानी दिल्ली में होने वाली 'वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली' की व्यापक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। करावल नगर जिला कमेटी के तहत आने वाले सभी ब्लॉक में भी महारैली के अलावा, पार्टी संगठन की एकता और अखंडता को सशक्त बनाने पर भी गहन चर्चा हुई। बैठको में लोकसभा प्रभारी रमेश सब्बरवाल, मनोज यादव, लक्ष्मण रावत जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, जिला प्रभारी अशोक जैन , फरीद शाह, के साथ साथ सभी ब्लॉक प्रमुख, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और अन्य संगठनों के सैकड़ों प्रतिनिधि शामिल हुए। संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर शुरू हुई इन बैठको का मुख्य एजेंडा राहुल गांधी की इस ऐतिहासिक रैली को सफल बनाने की रणनीति तैयार करना था। रैली की थीम 'वोट चोर गद्दी छोड़' के चलते भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या, वोटों की चोरी, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई और किसानों-मजदूरों के शोषण के आरोप लगाते हुए सभी नेताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की मिलीभगत को उजागर किया।कांग्रेस नेताओं ने कहा यह रैली केवल एक सभा नहीं, बल्कि जनाक्रोश का प्रतीक होगी। राहुल जी के नेतृत्व में हम भाजपा की सत्ता की गद्दी हिलाएंगे और एसआईआर के नाम पर की जा रही धांधलेबाजी को नहीं होने देंगे। पूरे देश ने देखा कि कैसे भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत करके पहले महाराष्ट्र, कर्नाटका, हरियाणा और अब बिहार में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यको के लाखों वोट काटकर उनकी जगह फर्जी वोटो को जोड़ा गया। इस नीति से साफ पता चलता है कि पहले लोगो के वोट काटे जाएंगे फिर उन्हें उनके अधिकारों से वंचित कर दिया जाएगा। इन बैठको में विधानसभा ऑब्जर्वर अशिवनी भारद्वाज, राज कुमार मेहरचंद, डॉ वी आर चौधरी, एडवोकेट सतबीर सिंह रामनिवास, संजय प्रधान, सुजीत सिंह, खेमचंद सैनी, रेखा रानी मुनेश त्यागी रामविलास शर्मा, नेत्रपाल आर्य, डॉ अकरम, बीडी शर्मा, राकेश ठाकुर, संजय भारद्वाज, एडवोकेट आदित्य भारद्वाज, मोहित सैनी आदि सहितअन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## हत्या कर रेलवे ट्रैक पर शव फेंकने वाले पांच नाबालिग धरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर पश्चिमी जिले की अशोक विहार पुलिस ने सब्जी मंडी रेलवे थाने के ब्लाइंड मर्डर केस को सुलझाते हुये पांच नाबालिगों को पकड़ने का दावा किया है। पुलिस ने बताया कि हत्या के पीछे मकसद रंगदारी व पुराना विवाद सामने आया है। आरोपियों ने हत्या कर शव को वजीरपुर इलाके के रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था।

पुलिस के अनुसार शनिवार को 3:16 बजे अशोक विहार थाने में सूचना प्राप्त हुई कि वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया की झुग्गियों के पास रेलवे ट्रैक पर एक मृत शरीर पड़ा है। पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा और पाया कि लगभग 25 से 30 वर्ष के पुरुष का शव रेलवे फाटक संख्या चार के पास पड़ा है। मृतक के चेहरे, गर्दन व गले पर कई धारदार चोटें थीं तथा गर्दन पर गहरे घावों के कारण उसका चेहरा विकृत हो गया था। चूंकि क्षेत्राधिकार थाना सब्जी मंडी रेलवे का था, अतः कॉल रेलवे को ट्रांसफर की गई। अशोक विहार पुलिस भी केस में अपने स्तर पर जांच में जुटी थी। परिणामस्वरूप हत्या में शामिल सभी पांच किशोर (15 से 18 वर्ष) पकड़ लिए गए। इस ब्लाइंड और क्रूर हत्या का केस 12 घंटे के भीतर वर्कआउट किया गया है। पूछताछ के दौरान पता चला कि मृतक मोनू उर्फ क्रॉसिंग इलाके का बीसी था। वह नाबालिगों को चोरी जैसे अपराध में लगाता था तथा उन्हें हत्या आदि की धमकी देकर उनसे पैसे भी वसूलता था। कुछ पुराने विवाद, विशेषकर चोरी के पैसों के बंटवारे को लेकर मृतक और नाबालिगों के बीच उसकी कहासुनी हुई थी, जो झगड़े में बदल गई और मौके पर ही नाबालिगों ने चाकू व पेंचकस से उस पर हमला कर हत्या कर दी थी।

## अंतरराज्यीय धोखाधड़ी सिंडिकेट का मास्टरमाइंड किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज-2 टीम ने अंतरराज्यीय फॉरेक्स एक्सचेंज धोखाधड़ी सिंडिकेट के फरार मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। वह आरोपी पूरे भारत में कई धोखाधड़ी के मामलों से जुड़ा था। इस शातिर का नाम कृष्ण कुमार शर्मा (31) पुत्र रामनिवास शर्मा निवासी किरण गार्डन, उत्तम नगर (मूलरूप से पश्चिम बंगाल) का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार कृष्ण कुमार इसी साल 14 नवंबर को दर्ज शेक्सपियर सरानी थाना, कोलकाता के मामले में वांछित था। सीजेएम कलकत्ता ने 6 दिसंबर के आदेश के तहत उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। आरोपी ने उपरोक्त मामले में पीड़ित को विदेशी मुद्रा, जिसमें यूएसडी 15000 और यूरो 1000 जोकि भारतीय करेंसी में लगभग 14,50,000 रुपये है का लालच देकर धोखा दिया था। इसके साथी सौरभ को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। शिवम पांडे की शिकायत पर 1 मई 2024 को ठगी का एक मामला कनॉट प्लेस थाने में भी दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था है कि अपने मालिक के कहने पर आरोपी कृष्णा के पास पैसे लेने गया था। उसे पानी की कांच की बोतल दी गई। पानी पीने के बाद उसे हिप्नोटाइज कर दिया गया और होश में आने पर पता चला कि उसके बैग से 25000 यूएसडी गायब थे। इस मामले में उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और वह कोर्ट से जमानत पर था। पुलिस के अनुसार यह गैंग अमेरिकी डॉलर और यूरो में डील करने के बहाने पीड़ितों को धोखा देता है। मुख्य आरोपी कृष्णा शर्मा फिल्म इंडस्ट्री से होने का नाटक करता है और प्रोफेशनल्स का भरोसा जीतने के लिए आने वाले फिल्म प्रोजेक्ट्स के लिए फिल्म एक्टर्स से मीटिंग करवाने का भरोसा दिलाकर लोगों से बड़ी रकम की धोखाधड़ी करता है। इस गैंग में कृष्णा शर्मा का भतीजा मयंक शर्मा भी शामिल है। यह भी सामने आया है कि गैंग ने कई ट्रैवल कंपनियों के साथ-साथ फॉरेक्स एक्सचेंजर्स को भी धोखा दिया है। इसकी गिरफ्तारी से कोलकाता, अंबोली मुंबई, ग्रेटर मुंबई, कनॉट प्लेस दिल्ली और वाकोला सांताक्रूज ईस्ट, मुंबई के पांच मामले सुलझाने का दावा किया है।

## छात्र मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी (डीटीयू) ने मानसिक शक्ति फ़ाउंडेशन के साथ मिलकर "छात्र मानसिक स्वास्थ्य" विषय पर एक गहन एक-दिवसीय सेमिनार का ऑनलाइन आयोजन किया। इसमें मनोचिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षा के अग्रणी विशेषज्ञों ने भाग लेकर छात्रों द्वारा सामना किए जा रहे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. संजीव राय द्वारा प्रतिभागियों के स्वागत और कार्यक्रम के मुख्य मुद्दों पर विचार के साथ हुई। इसके बाद मानसिक शक्ति फ़ाउंडेशन के निदेशक डॉ. अमरेश श्रीवास्तव द्वारा मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें शैक्षणिक संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य समर्थन तंत्र को सुदृढ़ करने हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

### गोवा नाइट क्लब हादसा

## दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के पार्टी क्षेत्र में चौकसी बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में क्रिसमस और नए साल पर भीड़ बढ़ने की संभावना के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने रविवार को घोषणा की कि प्रमुख पार्टी क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाएगी और क्लब, बार, रेस्तरां और कार्यक्रम स्थलों में अग्नि सुरक्षा अनुपालन की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस ने ये निर्देश गोवा के एक नाइट क्लब में शनिवार को लगी भीषण आग के बाद जारी किए हैं, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में प्रतिष्ठानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि अग्निशामक यंत्र काम कर रहे हों, निकास द्वार बिना किसी रुकावट के हों और बिजली खपत भार की निगरानी की जा रही हो। उसने जोर देकर कहा कि भारी भीड़ वाली रातों में आपातकालीन प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन अनिवार्य है। राजधानी में रास्ता और यति क्लब के संस्थापक जॉय सिंह ने कहा कि उनके क्लब, पदाधिकारियों द्वारा जारी सभी नियमों का पूरी तरह से पालन करते हैं। सिंह ने बताया कि हमारे सभी क्लब पूरी तरह से नियमों का पालन करते हैं और हम अधिकारियों द्वारा जारी किए गए हर नियम का पालन करते हैं। जहां तक गोवा की घटना का संदर्भ है, तो दिल्ली में अधिकांश क्लब पहले से ही सभी नियमों का पालन करते हैं। यह एक हृदय विदारक घटना है। प्रत्येक मानव जीवन महत्वपूर्ण है। उन्होंने नाइटलाइफ क्षेत्र में प्रवेश करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए नियमों का सख्ती से पालन करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। सिंह ने कहा कि अगर कोई उक्त क्लब या पार्टी स्थल में प्रवेश कर रहा है, तो मैं दृढ़ता से सुझाव दूंगा कि वे नियमों का पालन करें। यह एक निरंतर विकसित होती दुनिया है, और हमारे क्लब में आने वाले लोगों से ज़्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है।

## टीईटी मामले में दिल्ली के सांसदों से मिला प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, दिल्ली प्रदेश (दिल्ली अध्यापक परिषद, दिल्ली) का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को पश्चिमी दिल्ली से सांसद कमलजीत सहरावत एवं उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से जुड़े सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय को लेकर शीतकालीन सत्र में प्रभावी रूप से यह मुद्दा उठाने की मांग की। शैक्षिक महासंघ ने सांसदों को अवगत कराया कि सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय के कारण देशभर के लगभग 20 लाख कार्यरत शिक्षकों की सेवा निरंतरता, पदोन्नति एवं आजीविका पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है, क्योंकि न्यायालय ने सभी नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है।

### सीएम ने चौकीदारों के लिए दिए इलेक्ट्रिक हीटर

# प्रदूषण के खिलाफ सभी मोर्चों पर मिशन मोड में काम कर रही है सरकार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के प्रदूषण के खिलाफ सभी मोर्चों पर मिशन मोड में दिल्ली सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को राजधानी की विभिन्न आरडब्ल्यू को रात्रि चौकीदारों के लिए इलेक्ट्रिक हीटर वितरण के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सर्दियों में खुले में आग जलाने से होने वाले धुएं व प्रदूषण को कम करना है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार भविष्य में भी इस प्रकार के कदम लगातार उठाती रहेगी, ताकि राजधानी को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषण-मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इलेक्ट्रिक हीटर एक सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प हैं, जो प्रदूषण से लड़ाई में एक प्रभावी सहायक है। इलेक्ट्रिक हीटरो का यह वितरण दिल्ली हाट, पीतमपुरा में डीएसआईआईडीसी के सीएसआर फंड से किया गया। मुख्यमंत्री ने इसके लिए कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण व उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और डीएसआईआईडीसी का धन्यवाद किया। पर्यावरण मंत्री सिरसा ने नागरिकों, ठेकेदारों और सामुदायिक समूहों से अपील की कि वे पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार को अपनाएं और दिल्ली को प्रदूषण-मुक्त बनाने के इस सामूहिक मिशन में सक्रिय रूप से योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में सर्दियों के दौरान खुले में आग जलाना प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत है, जो हवा में धुएं की मोटी परत बना देता है। चौकीदारों को दिए जा रहे बिजली के हीटर धुएं को नियंत्रित करने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण कम करने के लिए युद्ध-स्तर पर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा सड़कों पर मैकेनिकल स्वीपिंग और वाटर स्प्रिंकलिंग की व्यवस्था को बढ़ाया गया है। बिजली के खंभों पर मिस्ट स्प्रे तकनीक लगाई जा रही है। पूरे शहर में डस्ट मिटिगेशन प्लान को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। साथ ही औद्योगिक इकाइयों में उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली की लगभग 1400 किलोमीटर सड़कों की वॉल-टू-वॉल कारपेटिंग कर धूल उड़ने की संभावनाओं को कम किया जा रहा है। खुले में कूड़ा या लकड़ी जलाने पर सख्त रोक लागू है। इसके साथ ही जरूरतमंद परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि ईंधन के रूप में लकड़ी के उपयोग को घटाया जा सके।

## न्यूनतम पारा चढ़ने से वीकेंड रहा खुशगवार वायु प्रदूषण में आई मामूली कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



वीकेंड को छुट्टी के दिन दिल्ली में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में सुधार के चलते रविवार खुशगवार मौसम वाला रहा। दिन के समय आसमान पर पहले सूरज चमकता रहा, जबकि दोपहर बाद आसमान पर बादल छाए रहें। वही दूसरी तरफ शनिवार की तुलना में रविवार को दिल्ली के वायु प्रदूषण में मामूली कमी दर्ज हुई। हालांकि बावजूद इसके एक्यूआई 325 दर्ज हुआ। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार रविवार को सुधार के साथ न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो औसत से 1.6 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था जो सामान्य से 2.7 डिग्री नीचे था। इसके अलावा रविवार को अधिकतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 0.1 डिग्री नीचे है। आईएमडी के अनुसार अगले दो तीन दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। जबकि कई दिनों तक आसमान पर बादल दिखाई दे सकते है, लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। दूसरी तरफ पर्यावरण विभाग के अनुसार दिल्ली में रविवार को कुछ कमी जरूर हुई है, लेकिन जल्द ही बढ़ने वाली है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर ऐप के अनुसार सुबह 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 302 रहा। दिल्ली के 26 प्रदूषण निगरानी केंद्रों में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सीपीसीबी के अनुसार, रविवार सुबह दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 305 दर्ज किया गया, जो हवा की बेहद खराब श्रेणी में आता है। जबकि राजधानी के आनंद विहार इलाके में एक्यूआई 327, बवाना में 352, बुराड़ी में 319, चांदनी चौक में 308, द्वारका में 309, दिल्ली एयरपोर्ट के आसपास 227, आईटीओ में 307, जहांगीरपुरी में 336, लोधी रोड में 281, मुंडका में 365, रोहिणी में 341, विवेक विहार 304 और वजीरपुर में 337 रिकॉर्ड किया गया है। जबकि इससे एक दिन पहले शनिवार को 24 घंटे में दिल्ली का औसत एक्यूआई 333 दर्ज किया गया था, जो हवा की बेहद खराब श्रेणी में आता है।

## कनॉट प्लेस में लॉन्च किया गया 'दिल्ली एआई ग्राइंड' कार्यक्रम

# दिल्ली की शिक्षा प्रणाली में एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगा एआई कार्यक्रम : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली एआई ग्राइंड कार्यक्रम राजधानी दिल्ली की शिक्षा प्रणाली में एक क्रांतिकारी बदलाव लाने जा रहा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली एआई ग्राइंड कार्यक्रम लॉन्च करने के मौके पर यह संबोधन दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य छात्रों में भविष्योन्मुखी तकनीकी दक्षताएं विकसित करना और उन्हें एआई-चालित दुनिया के लिए तैयार करना है। यह पहल भारत की पहली सिटी-सेंट्रिक एआई इनोवेशन मूवमेंट है।

बताया गया कि इस विशेष कार्यक्रम की विशेषता अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की प्रेरणादायक उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला की उपस्थिति को 'नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत' बताया और कहा कि उनका जीवन सफर भारत के नए युग की सोच और क्षमताओं का प्रतीक है। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद व शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्राचार्य, विभिन्न इनोवेशन पार्टनर्स और बड़ी संख्या में छात्र भी उपस्थित थे।



### पांच लाख छात्रों को इस कार्यक्रम से होगा लाभ

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह पहल पारंपरिक कक्षाओं को नवाचार-उन्मुख इनोवेशन लैब्स में परिवर्तित करेगी, जहां छात्र दिल्ली की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए एआई-आधारित प्रोजेक्ट विकसित करेंगे। जिससे दिल्ली ज्ञान, तकनीक और एआई नवाचार की राजधानी के रूप में तेजी से उभर सकेगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार का साझा लक्ष्य युवाओं को विश्वस्तरीय तकनीकी अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

### बच्चे तकनीक के केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि रचनाकार बनें : सूद

कार्यक्रम में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली के स्कूलों के बच्चे तकनीक के केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि रचनाकार बनें। इसी सोच के साथ आज हम दिल्ली एआई मिशन लॉन्च कर रहे हैं। गर्व की बात है कि दिल्ली देश का पहला शहर है जिसने इतने व्यापक स्तर पर इसकी पहल शुरू की है। यह विकसित भारत की विकसित राजधानी बनने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जो आधुनिक और उन्नत शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# सैनिकों के कारण हम सुरक्षित और स्वतंत्र जीवन जी रहेः रेखा



■ 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' समारोह में शामिल होकर दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यह दिवस हमें पूर्व सैनिकों की उन अनगिनत त्यागों की याद दिलाता है जिनके कारण हम सुरक्षित और स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं। दिल्ली कैंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' समारोह में सम्मिलित हुई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर उक्त जानकारी साझा करते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा में समर्पित हमारे वीर सैनिकों, वीर बलिदानियों के परिवारों और पूर्व सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। समारोह में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ उपस्थित रहकर शौर्य एवं विशिष्ट सेवा पदक से अलंकृत वीर सशस्त्र बल कर्मियों को सम्मानित किया।

इसके साथ ही सशस्त्र बलों के कल्याण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 10 विशिष्ट नागरिकों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कार्य से सैन्य परिवारों के प्रति संवेदनशीलता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की मिसाल प्रस्तुत की।

# पूर्व राज्यपाल कौशल की शोक सभा में गणमान्य व्यक्तियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिवंगत वरिष्ठ अधिवक्ता एवं मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल की स्मृति में उनके परिवार द्वारा रविवार को आयोजित शोक सभा में दिल्ली के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सम्मिलित होकर स्वराज कौशल की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार उनकी शोक सभा में अनेक केन्द्रीय मंत्री, वरिष्ठ न्यायाधीश, दिल्ली की मुख्यमंत्री, देश एवं दिल्ली के सांसद, विधायक, निगम पार्षद, राजनीतिक नेता, वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, आर.डब्लू.ए. प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता के अलावा प्रमुख विपक्षी दलों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। शोक सभा में सांसद बांसुरी स्वराज ने अपने पिता-माता से जुड़ी स्मृतियां सांझा करते हुए पिता स्वराज कौशल की अंत्येष्टि एवं शोक सभा में सम्मिलित हुए लोगों की संवेदनाओं के लिए आभार प्रकट किया और संवेदनाओं को एक सम्बल बताया।

## मनोज तिवारी ने सांसद खेल महोत्सव किया आयोजित

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अपने संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का रविवार को आयोजन किया। खजूरी चौक के पास डीडीए के मैदान पर आयोजित 42 टीमों की क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एन श्रवण कुमार ने किया। इस मौके पर सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन में आवश्यक है और जीवन जीने की पद्धति का एक प्रमुख अंग भी है। इतिहास उठाकर देखें तो हर युग में समय-समय के गुरुजनों द्वारा अपने शिष्यों को खेल-खेल में जीवन जीने की पद्धति सीखने का वर्णन किया है। खेल से जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और पारदर्शिता तथा खेल भावना से आपसी प्रेम की समावेशी ऊर्जा से खेलने वाले का व्यक्ति का जीवन आदर्श बनता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, निगम स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, जोन चेयरमैन पुनीत शर्मा, गुलाब सिंह राठौर, भाजपा पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

# रोहिणी में 100 बुजुर्गों को बांटे सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




■ रोहिणी सेक्टर-20 स्थित रॉयल मार्केट में कैंप का आयोजन

दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने रविवार को बवाना के रोहिणी सेक्टर-20 स्थित रॉयल मार्केट में आयोजित राष्ट्रीय वयोश्री योजना के कैंप में 100 वरिष्ठ नागरिकों को लगभग 10 लाख रुपये के निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किए।

इसी कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन भी वितरित किए गए। बवाना विधानसभा में पहले एक वर्ष के भीतर लगभग 01 करोड़ रुपये के सहायक उपकरण बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को वितरित किए जाने का लक्ष्य है। मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंत्योदय संकल्प के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले सहायक उपकरण प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि पिछले 9 महीनों में ही वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को पिछली सरकार के पूरे 5 वर्षों से अधिक सहायक उपकरण दिए गए हैं।

# क्रिकेट खिलाड़ी प्रतिका का मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

### 1.5 करोड़ की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रतिभावान युवा खिलाड़ी प्रतिका रावल का स्वागत किया। इस दौरान रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर तस्वीरे साझा करते हुए कहा कि हमारी होनहार बेटी प्रतिका ने दिल्ली को गौरवान्वित किया है। खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मान देते हुए दिल्ली सरकार द्वारा उन्हें 1.5 करोड़ की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रतिका युवा दिल्ली की ऊर्जा, साहस और नए भारत की नारी-शक्ति की सजीव छवि हैं। उनकी यात्रा यह बताती है कि दिल्ली सपनों को केवल जन्म नहीं देती, उन्हें उड़ान भी देती है। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं। इस अवसर पर कैबिनेट में शिक्षा मंत्री आशीष सूद तथा डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली उपस्थित रहे।

## दिल्ली में अपने घर के लिए पंजीकरण का अंतिम मौका, 1026 प्रीमियम फ्लैट शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की पहली सबसे ऊंची टावरिंग हाईट बहुमंजिला इमारत में अपने घर का सपना साकार करना है तो आज सोमवार को पंजीकरण का अंतिम दिन है। अगर इस बार चूके तो संभावना है कि इस योजना के लिए अंतिम तिथि नहीं बढ़ाई जाएगी, क्योंकि यह एक बार बढ़ाई जा चुकी है। डीडीए ने इस योजना में 1026 प्रीमियम फ्लैट शामिल किए है। इस योजना को लेकर डीडीए भी अपनी तरफ जमकर प्रचार प्रसार कर लोगों को हाईट टावरिंग में फ्लैट खरीदने के लिए लुभा रहा है। समाचार पत्रों में विज्ञापन से लेकर सोशल मीडिया तक डीडीए पहली सबसे ऊंची टावरिंग हाईट योजना का प्रचार कर रहा हैं। डीडीए लोगों को याद दिला रहा है कि टावरिंग हाईट बहुमंजिला फ्लैट योजना के लिए ई-ऑक्शन की डेडलाइन 8 दिसंबर 2025 बेहद आ चुकी है। योजना को लेकर इस बारे में डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि लगभग यह अंतिम अवसर है इसके बाद इस योजना के लिए पंजीकरण बंद हो जाएगा। अधिकारी ने बताया कि इससे पहले इस योजना की अंतिम तारीख 21 नवंबर 2025 थी, जिसे बढ़ाकर 8 दिसंबर 2025 कर दी गई थी। उस दौरान यह समय सीमा उन लोगों के लिए बढ़ाई गई थी कि जो किन्हीं कारणों से तब तक टावरिंग हाईट बहुमंजिला फ्लैट योजना में शामिल होने के लिए अपना पंजीकरण करने से वंचित रह गए थे। अधिकारी ने बताया कि पूर्वी दिल्ली स्थित कड़कड़डूमा में टावरिंग हाईट 48 मंजिला ऊंची इमारत होगी, जिसकी कुल ऊंचाई 155 मीटर होगी। यह इमारत आधिकारिक तौर पर राजधानी की सबसे ऊँची आवासीय इमारत के रूप में दर्ज होगी। डीडीए हाउसिंग स्कीम 2025 के पहले भाग में कुल 1,026 प्रीमियम अपार्टमेंट की पेशकश की गई हैं। अभी बिक्री के लिए उपलब्ध सभी फ्लैट बड़े यानी डबल बेडरूम, हॉल और किचन यूनिट वाले हैं। इनका आकार विशाल है, जिसमें सबसे छोटा फ्लैट लगभग 1,542 वर्ग फुट का हैं, जबकि सबसे बड़ा फ्लैट 2,690 वर्ग फीट में बना हैं।

### फाइलें घूमती रहती है इधर-उधर

# नारायणा-इंद्रपुरी रेलवे स्टेशन का कब बनेगा पुल जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक करते हैं पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नारायणा - इंद्रपुरी रेलवे स्टेशन की जीवन रेखा कहे जाने वाले पुल के दोबारा बनने का बेसब्री से इंतजार हो रहा है क्योंकि इन दिनों रोज़ाना सैकड़ों लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करना पड़ रहा है। राष्ट्रवादी युवा संघ के अध्यक्ष आदित्य तंवर ने इसे रेलवे प्रशासन की घोर लापरवाही बताया है।

उन्होंने कहा कि रेलवे ने पहले 2022, फिर 2024 में पुल निर्माण का टेंडर जारी किया। फाइलें इधर-उधर घूमती रहीं, साल बीतते गए और जब 2024 में आखिरकार काम शुरू हुआ, तो पुराने पुल को आंशिक रूप से तोड़ने के बाद अचानक काम रोक दिया गया। राष्ट्रवादी युवा संघ के अध्यक्ष आदित्य तंवर ने बताया कि रेलवे अधिकारियों से जब इस संबंध में जानकारी मांगी गई तो जवाब में बताया गया कि पुल के ऊपर से गुजर रही टाटा पावर कंपनी की 11 केवीए लाइन के कारण काम रुका हुआ है। लाइन के स्थानांतरण होने तक नया पुल बनाया ही नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि सवाल यह है कि जब टेंडर बनाया गया, तब क्या यह लाइन दिखाई नहीं दी? और क्या पुल तोड़ने से पहले इस लाइन को हटाना ज़रूरी नहीं था? यही लापरवाही इन दिनों आम जनता झेल रही है, हर दिन बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं को रेलवे ट्रैक जान हथेली पर रखकर पार करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और सांसदों को इस तरफ विशेष ध्यान देने की आवश्यकता हैं क्योंकि आने वाला मौसम कोहरे का होने वाला है और पुल नहीं होने से कोई बड़ी दुर्घटना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम का मोर्चा ने किया स्वागत



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का गाजियाबाद पहुंचने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री ने संस्थागत सामाजिक दायित्व की महत्वपूर्ण बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जो जनसेवा के कार्यों को और गति देंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा से गुरदीप सिंह सोहल, रमनदीप वालिया, महामंत्री राकेश जैन, आकाश जैन, हरविंदर सिंह सहित सभी साथीगण सक्रियता से साथ रहे।

### टास्क के नाम पर 1 लाख 50 हजार रुपए की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने प्रीपेड टास्क के नाम पर 1,50,800 रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपी खाताधारक को झांसी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 32 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान नंबर से कॉल आई जिसमें उसे पार्ट टाइम जॉब करने के लिए कहा गया।



### 44 वीं सीनियर शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का समापन

**गाज़ियाबाद।** 44 वीं सीनियर उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के फाइनल में मेरठ ने सहारनपुर को 21 -15, 21- 19 से हराकर प्रथम सहारनपुर द्वितीय तथा गाजियाबाद तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार बालिका वर्ग में गाजियाबाद ने आजमगढ़ को 23-21, 21-11 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया । वाराणसी की टीम तृतीय स्थान पर रही। सभी स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को आज के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन।



---

यात्रियों को दी गई एस्कलेटर सुरक्षा नियमों की जानकारी

# नमो भारत स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान, यात्रियों तक पहुंचा संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाज़ियाबाद

एनसीआरटीसी यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सदैव गंभीर और संवेदनशील रहा है। इसी दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नमो भारत स्टेशनों पर एस्कलेटर (स्वचलित सीढ़ियों) के सुरक्षित उपयोग को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मुहिम का उद्देश्य यात्रियों को एस्कलेटर से जुड़े सुरक्षा नियमों की जानकारी देना और सुरक्षित यात्रा के सामाजिक व्यवहार को बढ़ावा देना है।

**खास बातें**

- मुहिम का उद्देश्य सुरक्षित यात्रा व्यवहार को बढ़ाना देना
- बच्चों का हाथ मजबूती से थामें
- बच्चों को एस्कलेटर के किनारों से रखें दूर



**सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की**

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत एनसीआरटीसी एवं दिल्ली-गाजियाबाद- मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के संचालन एवं रखरखाव भागीदार, डीबी आरआरटीएस इंडिया के स्टाफ ने विभिन्न नमो भारत स्टेशनों पर यात्रियों को एस्कलेटर के उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया और सभी से इन सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। अभियान के प्रथम चरण में आनंद विहार, गाजियाबाद और मेरठ साउथ जैसे अधिक भीड़भाड़ वाले नमो भारत स्टेशनों को चुना गया ताकि अधिक से अधिक यात्रियों तक यह संदेश पहुंचाया जा सके।

**स्टाफ ने यात्रियों को सुरक्षा उपायों की जानकारी दी**

एस्कलेटर के उपयोग के दौरान बच्चों के साथ दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है। इस दौरान स्टाफ ने खास तौर से ऐसे यात्रियों से संवाद किया जो अपने बच्चों के साथ यात्रा कर रहे थे। समझाया कि बच्चों का हाथ मजबूती से थामे रखें, बच्चों को एस्कलेटर के किनारों से दूर रखें, एस्कलेटर पर भागदौड़ न करने दें तथा बच्चों को खेल-खेल में एस्कलेटर पर चढ़ने-उतरने से रोकें।

---

मुक्ति पथ का शुभारंभः जहां संवेदना बने व्यवस्था, वहीं समाज होता है श्रेष्ठ

# फरीदाबाद में बना पहला सीएनजी आधारित पशु श्मशान घाट, पूरे देश के लिए प्रेरणा बनेगा मॉडलः विपुल गोयल

पशु हितैषी शहर के रूप में नई पहचान प्रदान करेगी

नागरिकों का हार्दिक हार्दिक आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

खेड़ी पुल के समीप पालतू एवं बेसहारा पशुओं के सम्मानजनक अंतिम संस्कार हेतु आधुनिक सीएनजी आधारित श्मशान घाट मुक्ति पथ का उद्घाटन हरियाणा सरकार में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल द्वारा किया गया।

यह सुविधा शहर में पशु कल्याण, संवेदनशीलता और आधुनिक प्रबंधन का अनोखा संगम प्रस्तुत करती है।



कैबिनेट विपुल गोयल ने कहा कि दया, करुणा और सहयोग जैसे मूल्य ही किसी समाज को श्रेष्ठ बनाते हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर हर जीव का समान अधिकार है और फरीदाबाद में स्थापित यह आधुनिक श्मशान घाट मानवता एवं सभ्यता के उच्च आदर्शों का प्रतीक है। उन्होंने इसे एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि यह केवल एक अवसंरचना परियोजना नहीं, बल्कि सामाजिक मूल्यों, सम्मान, संवेदना और करुणा का सशक्त संदेश है।

उन्होंने कहा कि मुक्ति पथ की स्थापना फरीदाबाद को एक मानव केंद्रित और पशु हितैषी शहर के रूप में नई पहचान प्रदान करेगी। उन्होंने फरीदाबाद नगर निगम, परियोजना से जुड़े अधिकारियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि सामूहिक सहयोग एवं संवेदनशीलता से ही यह पहल सफल हो पाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह श्मशान घाट आने वाले समय में पशु कल्याण, स्वच्छता और शहरी संवेदनशीलता का एक आदर्श मॉडल बनेगा तथा पूरे देश को प्रेरित करेगा।

---

निगम ने चलाया जन-जन जागरुकता अभियान

# गंदगी फैलाने वालों से 65 लाख 7 हजार रुपए वसूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाज़ियाबाद

नगर निगम ने रविवार को कूड़े व मलवे के सही निपटान के लिये नगर निगम ने चलाया जन-जन जागरुकता अभियान चलाया। साथ ही गंदगी फैलाने वालों से 65 लाख 7000 की वसूली की। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि जन जागरूकता के बोर्ड आरडीसी राजनगर क्षेत्र में कूड़ा घर विलोपित करते हुए लगाए गए हैं, मार्केट एरिया से गंदगी के ढेर हटाते हुए बोर्ड लगाए गए हैं ।

जिसमें संपूर्ण जानकारी भी बोर्ड में अंकित की गई है, 311 एप्लीकेशन के माध्यम से भी गंदगी फैलाने तथा साफ सफाई कराने के लिए अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं इसके अलावा 18001803012 पर भी मलवा और कूड़ा निपटा के लिए जानकारी दी जा सकती है। गाजियाबाद नगर निगम कूड़ा घर विलोपित करते हुए स्थाई समाधान शहर को दे रहा है साथ ही शहर वासियों से भी गंदगी न फैलने की अपील की जा रही है मार्केट एरिया में विशेष रूप से अभियान चलाए जा रहे हैं जिसमें सख्त कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूली की कार्यवाही को रफ्तार दी जा रही है, एक सप्ताह में स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा लगभग 6 लाख 57000 की वसूली गंदगी फैलाने पर तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल करने पर की गई है।

विजयनगर जोन अंतर्गत श्वेता सिंह सेनेटरी एवं फूड इंस्पेक्टर द्वारा गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना वसूला गया क्षेत्रीय पार्षद भी सहयोग में उपस्थित रहे,1 लाख 69000 का जुर्माना वसूला गया, सेक्टर 9 विजय नगर, सम्राट चौक, प्रताप विहार मार्केट एरिया में अभियान चलाया गया।



सिटी जोन अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त अभियान के दौरान 57000 की वसूली की गई जिसमें घंटाघर, रमते राम रोड, बजरिया, लोहिया नगर, मुर्गा मार्केट, पटेल नगर, शिवबनपुरा क्षेत्र में अभियान चलाया गया सेनेटरी एवं फूड इंस्पेक्टर नरेश कुमार की उपस्थिति में अभियान चलाया गया। मोहन नगर जोन अंतर्गत संजीव कुमार सेनेटरी एवं फूड इंस्पेक्टर द्वारा गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए लगभग 35000 का जुर्माना वसूला गया श्याम पार्क लाजपत नगर मार्केट एरिया में अभियान चलाया गया।

फूड इंस्पेक्टर हिमांशु भारद्वाज द्वारा गोविंदपुरम, शास्त्री नगर, राज नगर, सेक्टर 23 संजय नगर तथा कवि नगर के ब्लॉक मार्केट एरिया में अभियान चलाया गया प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए भी जन-जन को जागरूक किया गया लगभग 3 लाख 22 हजार का जुर्माना वसूला गया। वसुंधरा जोन अंतर्गत सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर अशोक कुमार द्वारा शक्ति खंड इंदिरापुरम, सेक्टर 4 वैशाली मार्केट, सेक्टर 15 वसुंधरा, सब्जी मंडी के बाहर लिंक रोड पर अभियान चलाया गया।

---

अभय चौटाला, सैलजा व अशोक तंवर सहित अनेकों ने स्व. राजकुमार तेवतिया को दी श्रद्धांजलि

# बल्लभगढ़ रियासत के शहीद राजा नाहर सिंह के वंशज राजकुमार तेवतिया के निधन पर हवन-यज्ञ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ रियासत के शहीद राजा नाहर सिंह के वंशज राजकुमार तेवतिया के निधन पर रविवार को सेक्टर-3 स्थित राजा नाहर सिंह पैलेस में आयोजित हवन.यज्ञ कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं के अलावा समाजिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी व इलाके के भारी संख्या में लोगों ने पहुंच उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इनमें मुख्य रूप से इनैलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद कुमारी सैलजा, पूर्व सांसद अशोक तंवर व दिल्ली के पूर्व सांसद रमेश कुमार अपने.अपने समर्थकों के साथ कार्यक्रम में शरीक हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर इनैलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने स्व. राजकुमार तेवतिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए



शोकाकुल परिवार को ढ़ांढस बंधाते हुए कहा कि जीवन और मृत्यु अटल सत्य है, एक दिन सभी को परमात्मा के चरणों में जाना है लेकिन जीवन के किए गए पुण्य के कार्य व्यक्ति को अमर कर देते हैं। शहीद राजा नाहर सिंह ने जिस तरह देश की आजादी के लिए हंसते-हंसत अपने प्राण न्यौछावर कर दिए ठीक उसी प्रकार उनके वंशज राजकुमार तेवतिया का समस्त जीवन भी आम गरीब व मेहनतकश जरूरतमंद लोगों की सहायतार्थ रहा। उन्होंने हमेशा हर वर्ग के विकास व उत्थान की आवाज को बुलंद किया। यही कारण है कि आज उनकी मृत्यु के उपरांत समाज के हर वर्ग के लोग उनके कार्यों को याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने पूर्वजों की भांति उनके पुत्र सुनील तेवतिया भी आज आम, गरीब व मेहनतकश की आवाज बनकर समाजहित के कार्यों में लगे हुए हैं।

वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद कुमारी सैलजा ने भी अपने संबोधन में शहीद राजा नाहर सिंह के बलिदान का जिक्र करते हुए कहा कि राजा नाहर सिंह परिवार आज भी समाजसेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि समाज हित में किए गए कार्य ही हमेश याद किए जाते हैं और आज स्व. राजकुमार तेवतिया द्वारा लोगों के हित में किए गए कार्यों को लोग सराह रहे हैं।

---

261 शिकायतों का निस्तारण, 3 लाख 57 हजार रुपए खातों में फ्रिज

# साइबर टीम ने 22 मुकदमों में कार्रवाई कर 36 साइबर अपराधी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। 29 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह में 36 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है व 15,88,434 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 22 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 36 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी के 2, सेंट्रल के 15 व बल्लभगढ़ के 5 मामले शामिल हैं। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 15,88,434 रूपए बरामद किए हैं। इसी प्रकार 261 शिकायतों का निस्तारण कर 3,57,942 खातों में फ्रिज कराये हैं। यह कार्रवाई साइबर थानों की टीम ने



29 नवंबर से 05 दिसंबर तक एक सप्ताह के दौरान की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में संदीप, वैभव, दिलशाद अंसारी, भारत सिंह, जगबीर, मनोज कुमार लोधी, जतिन अरोड़ा, मिनर्वा, वसीम खान, सौरभ तोमर, अजय कुमार दास, अभिषेक तिवारी, अभिषेक दास, अमनजोत सिंह, यूनिश खान, सुमित चाहर, अरुण, भगवान राम, श्रवण मीणा, योगेश कुमार, संजय आदि।

---

गाली-गलौच करने पर भाभी ने छत से दिया धक्का

# अस्पताल में भर्ती के दौरान देवर की मौत, हत्या के आरोप में अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-14 थाना एरिया में छत से गिरकर युवक की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया है। शराब पीकर गाली-गलौच करने पर महिला ने ही अपने देवर को छत से धक्का दिया था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आगामी कार्रवाई के लिए आरोपित महिला को अदालत में पेश करेगी।

दरअसल, सेक्टर-14 थाना एरिया के राजीव नगर में शराब पीने के दौरान छत से गिरने पर एक युवक की मौत हो गई। जिसकी पहचान मेवात निवासी 34 वर्षीय रोहित के रूप में हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन की तो सामने आया कि रोहित गुरुग्राम के सेक्टर-12 में रहता था और ढोल बजाने का काम करता था। वह बीती 24 नवंबर की रात को अपने दोस्त राहुल के राजीव नगर स्थित मकान पर गया था। जहां राहुल नहीं था उसकी सास बबली मिली। नूंह निवासी 45 वर्षीया बबली रिश्ते में रोहित की भाभी लगती थी। वहां रोहित ने शराब पी और चिकन खाने के बाद नशे में छत पर ही सो गया। सुबह जब उसे होश आया तो चोटिल था और अपने सेक्टर-12 स्थित घर में था। उसे राहुल व उसकी पत्नी पिंकी छोड़कर गई थी। रोहित को एक निजी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उसने पुलिस के समक्ष राहुल व उसकी पत्नी पिंकी पर उसे चोट मारने का आरोप लगाया। इसके बाद छह दिसंबर को रोहित की मौत हो गई। पुलिस ने केस में हत्या की धारा जोड़ दी।

---


दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न थानों में 34 मामले दर्ज

# 20 हजार रुपए का इनामी बदमाश पुलिस फायरिंग में हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाज़ियाबाद

थाना मुरादनगर पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान 20 हजार का इनामी बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। आदिल के विरुद्ध दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न थानों में डकैती, लूट, चोरी गैंगस्टर आदि से संबंधित करीब 34 मामले दर्ज हैं।

डीसीपी ग्रामीण (ग्रामीण) एसएन तिवारी ने बताया कि थाना मुरादनगर पुलिस अन्तर्गत थाना मुरादनगर के कन्नौजा से चित्तौड़ा जाने वाले तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी, तभी जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि आपके मुकदमे से एक बदमाश घटना को अंजाम देने के लिए इस तरफ आ रहा है । यदि जल्दी की जाए तो पकड़ा जा सकता है, मुखबिर ने बताया कि उसके पास असलाह भी हो सकता है। इस सूचना पर थाना



मुरादनगर से अतिरिक्त फोर्स को कन्नौजा चित्तौड़ा तिराहे पर बुलाया गया जैसे ही हम पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे तो युवक मौके से बाइक मोड़कर भागने लगा तथा फिसल कर गिर गया तथा पीछा करने पर अभियुक्त द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर किया जिसमें पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ अपना बचाव करते हुए जवाबी कार्रवाई में फायर किया गया। जिसमें अभियुक्त के दोनों पैरों में गोली लगी। जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम आदिल पुत्र मो. उमर निवासी पसोंडा थाना टीलामोड कमिश्नरेट गाजियाबाद हाल निवासी संजय कालोनी गेट थाना मुरादनगर से एक व्यक्ति से चेन छीनी थी।

---

कबाड़ा इकट्ठा करने के दौरान की थी मकान की रेकी

# ताला तोड़कर 18 लाख की नगदी व ज्वैलरी चोरी करने का आरोपी धराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

हेली मंडी चौकी पुलिस ने मकान का ताला तोड़कर 18 लाख की नगदी व ज्वैलरी चोरी करने का आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड के बाद अदालत में पेश किया।

जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी से चोरी हुई करीब 18 लाख रुपए की ज्वैलरी व 13,350 रुपए की नगदी बरामद की है। दरअसल, हेली मंडी चौकी पुलिस को एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि किसी ने



उसके मकान का ताला तोड़कर लाखों की ज्वैलरी व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। मामले में हेली मंडी पुलिस चौकी प्रभारी एसआई सत्यप्रकाश व एएसआई प्रदीप कुमार ने महज तीन घंटे में आरोपी को पटौदी, गुरुग्राम से काबू कर लिया।

---

प्रदर्शन में नूंह, पलवल, फरीदाबाद और गुरुग्राम की वर्करों ने भाग लिया

**12 सूत्रीय मांगों के अलग-अलग ज्ञापन सौंपे**

# मिड-डे-मील वर्करों ने प्रधानमंत्री के नाम केन्द्रीय राज्य मंत्री के पुत्र को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

चार जिलों से आए सैकड़ों मिड डे मील वर्करों ने रविवार को फरीदाबाद के सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के आवास के सम्मुख जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बीच में देश के प्रधानमंत्री के नाम केन्द्रीय राज्य मंत्री के पुत्र देवेंद्र चौधरी को मिड डे मील वर्कर्स और स्कीम वर्करों के 12 सूत्री मांगों के अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए।

आज के प्रदर्शन में नूंह, पलवल, फरीदाबाद और गुरुग्राम की वर्करों ने



भाग लिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी वर्कर बड़खल मोड़ पर एकत्रित हुई। यहां पर एक विरोध सभा आयोजित की गई। किसकी अध्यक्षता फरीदाबाद की जिला प्रधान कमलेश, गुरुग्राम की जिला प्रधान मूर्ति, पलवल जिले की जिला प्रधान सोनवती और मेवात की जिला प्रधान बरीशा ने संयुक्त रूप से की।

जबकि कार्रवाई का संचालन सीटू जिला सचिव पलवल रामरति चौहान ने किया। इस अवसर पर सभा को सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल, पलवल सीटू के कोषाध्यक्ष रमेश चंद, सीटू जिला कमेटी सदस्य विजय झा, और पलवल जिले के पूर्व सीटू प्रधान श्रीपाल भाटी ने भी संबोधित किया। इसके बाद सरकार की नीतियों से खफा हुई बैठी वर्करों ने मंत्री के आवास की तरफ कूच किया।

---

संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया

# ठगी के मामले में खाताधारक सहित दो आरोपियों को किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस की साइबर अपराध टीमों द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। टेलिग्राम टास्क के नाम पर ठगी करने के एक साइबर फ्रॉड मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने खाताधारक सहित दो आरोपियों को मथुरा से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-77 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके व्हॉट्सएप पर एक अंजान नंबर से एक लिंक आया। जिस पर पार्ट-टाइम काम के लिए गूगल मेप्स



पर रेटिंग और कमेंट करने के लिए कहा गया। जिस पर क्लिक करते ही वह एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गया। उसने टेलीग्राम प्रीपेड टास्क में विभिन्न ट्रांजेक्सन के जरिए कुल 9,34,000 रुपए निवेश किए। परंतु उसे कोई पैसा वापस नहीं मिला। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### झारखंड में शीतलहर, 3.5 डिग्री तक पहुंचा पारा

**रांची।** झारखंड के कई हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप जारी है। राज्य के 8 जिलों में न्यूनतम तापमान 10



डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि निचले क्षोभमंडलीय स्तरों पर चल रही उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण राज्य में पारे में गिरावट आई है।आईएमडी के मौसम बुलेटिन के अनुसार, गुमला में राज्य में सबसे कम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बहराइच में भेड़ियों का खौफ 3 माह में 10 की मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में कैसरगंज रेंज के जंगलों से निकले भेड़ियों ने पिछले तीन



महीनों में पूरे इलाके को दहशतजदा कर रखा है। अब तक 10 लोगों की जान जा चुकी है, 32 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और यह खौफ 85 गांवों तक फैल चुका है। पहला हमला 9 सितंबर को हुआ था। उसके बाद से लगातार भेड़िए बच्चों और महिलाओं को निशाना बना रहे हैं।

### जमशेदपुर में अचानक मरने लगे काले हिरण

**जमशेदपुर।** यहां स्थित एक चिड़ियाघर में अचानक काले हिरण मरने लगे। पिछले 6 दिनों में 10



काले हिरणों की मौत हो गई है। टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क (टीएसजेडपी) में हिरणों की मौत एक दिसंबर से छह दिसंबर के बीच हुईं। आखिरी हिरण की मौत शनिवार को हुई थी।टीएसजेडपी के उप निदेशक डॉ. नईम अख्तर ने बताया कि उद्यान में अब तक दस काले हिरणों की मौत हो चुकी है।

## पीएम का संदेश 'फिटनेस का डोज़, आधा घंटा रोज'

# वाराणसी में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेज़बानी का उत्सव ,साइकिल रैली में मंत्री दयाशंकर मिश्रा व पद्म विभूषण राजन मिश्रा भी हुए शामिल

धर्मेंद्र चौबे ⏭ वाराणसी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में रविवार को शहर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का जश्न मनाते हुए 'फिट इंडिया' के तहत 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'कॉमनवेल्थ गेम्स 2030' का प्रचार-प्रसार करते हुए कार्यक्रम के दौरान डांस और योगा जैसे फिटनेस सेशन रखे गए। स्थानीय नागरिकों, छात्रों और सुरक्षा कर्मियों ने स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए उत्साह से भाग लिया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दयाशंकर मिश्रा, पद्म विभूषण राजन मिश्रा, जाने-माने तबला वादक संजू सहाय, कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट अमित पंघाल और सिल्वर मेडलिस्ट पूजा सिहाग ने भी हिस्सा लिया। मंत्री दयाशंकर मिश्रा 'दयालु' ने कहा, प्रधानमंत्री की 'फिट इंडिया' पहल के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें हिस्सा लिया है। देशभर में इस तरह के आयोजन हो रहे हैं।

*वाराणसी में रविवार को शहर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का जश्न मनाते हुए 'फिट इंडिया' के तहत 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'कॉमनवेल्थ गेम्स 2030' का प्रचार-प्रसार करते हुए कार्यक्रम के दौरान डांस और योगा जैसे फिटनेस सेशन रखे गए।*



### कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले सभी को फिट होने की जरूरत

संकट मोचन मंदिर के महंत विश्वंभर नाथ मिश्रा ने कहा कि शहर में ऐसे कार्यक्रम लगातार होने चाहिए। लोग आलसी होते जा रहे हैं और अगर सेहत अच्छी होगी तो देश भी अच्छा रहेगा। जो लोग शारीरिक व्यायाम करते हैं, वे हमेशा फिट रहते हैं। जन-जन तक यह प्रचार होना चाहिए। 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले हमें भी फिट होने की जरूरत है। कॉमनवेल्थ गेम्स की सिल्वर मेडलिस्ट पूजा सिहाग ने कहा कि यह एथलीटों के लिए बहुत बड़ी बात है, क्योंकि अपने होम ग्राउंड पर खेलने से उनका आत्मविश्वास बहुत बढ़ता है। इस अवसर पर पद्म विभूषण राजन मिश्रा ने कहा, ॅयह बहुत गर्व का पल है। हमने यहां एशियन गेम्स भी होस्ट किए हैं और जल्द ही कॉमनवेल्थ गेम्स भी होने वाले हैं।

### फिटनेस को लेकर चिंतित रहते हैं पीएम मोदी

राजन मिश्रा ने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे फिटनेस को लेकर स्वयं चिंतित रहते हैं और इसीलिए वे फिट इंडिया जैसे अभियानों पर खुद नजर रखते हैं। 70 साल की उम्र में भी दिन-रात काम करने वाले प्रधानमंत्री मोदी भी खुद को फिट रखने के लिए योगा-प्राणायाम करते हैं। देशवासियों को भी सीख लेनी चाहिए और अपने आप को फिटनेस के लिए जागरुक करना चाहिए।

नीतीश सरकार का बड़ा फैसला

# सीआईएसएफ की तर्ज पर बिहार में बनेगी बीआईएसएफः जायसवाल

पटना में मीडिया से बातचीत में राज्य के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल बताया कि निवेशकों को सुरक्षित वातावरण देना बहुत ज़रूरी है, ताकि वे बिना डर के बिहार में उद्योग खोल सकें और बड़ी राशि लगाकर कारोबार बढ़ा सकें। इस सुरक्षा बल का काम औद्योगिक क्षेत्रों और बड़े कारखानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा।

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार में निवेश को रफ्तार देने और निवेशकों की सुरक्षा को लेकर नीतीश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सीआईएसएफ (सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स) की तर्ज पर बिहार में बीआईएसएफ बनेगा। जिसका प्रस्ताव जल्द सरकार को भेजा जाएगा। इसकी जानकारी राज्य के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने दी।

उन्होंने रविवार को पटना में मीडिया से बातचीत में बताया कि निवेशकों को सुरक्षित वातावरण देना बहुत ज़रूरी है, ताकि वे बिना डर के बिहार में उद्योग खोल सकें और बड़ी राशि लगाकर कारोबार बढ़ा सकें। इस सुरक्षा बल का काम औद्योगिक क्षेत्रों और बड़े कारखानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा।

**खास बातें**

- देश-दुनिया के प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों में निवेशक सम्मेलनों का होगा आयोजन
- प्रत्येक जिलों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम केंद्र स्थापित होगा



### 5 साल में 50 लाख करोड़ का निवेश का लक्ष्य

गौरतलब है कि बिहार में उद्योगों को बढ़ावा देना और निवेश लाना सरकार की प्राथमिकताओं में एक है। बिहार में अगले 5 साल में 50 लाख करोड़ का निवेश लाने की तैयारी शुरू हो गई है। बिहार को भारत के शीर्ष पांच निवेश अनुकूल राज्यों में सम्मिलित करने के लिए उद्योग विभाग देश-दुनिया के प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों में निवेशक सम्मेलनों का आयोजन करेगा, ताकि बड़े से बड़े उद्योगों को आकर्षित किया जा सके।

### ईजी ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा

निवेशकों को आकर्षित करने के तहत ईजी ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देना, आधुनिक फूड प्रोसेसिंग और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के साथ 5 नए मेगा फूड पार्क स्थापित करना, राज्य में 10 औद्योगिक पार्क एवं 100 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पार्कों को विकसित करना, उद्योग-प्रासंगिक कौशल एवं उद्यमिता में 7 लाख लोगों को प्रशिक्षित करना तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय की स्थापना एवं सभी जिलों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम केंद्र स्थापित करना शामिल है।

## मार्च 2026 से शुरू होगा निर्माण,65 करोड़ खर्च का अनुमान

# अयोध्या मस्जिदः नई डिजाइन के साथ 31 दिसंबर तक पास हो सकता है नया नक्शा



एजेंसी ⏭ अयोध्या

राम मंदिर निर्माण का सपना साकार हो चुका है। राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के साथ ही मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। वहीं दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट से फैसला आने के छह साल बाद भी अब तक धन्नीपुर में बनने वाली मस्जिद की नींव तक नहीं पड़ सकी है।

भव्य राम मंदिर का उद्घाटन हुए करीब दो साल होने को हैं, वहीं मुस्लिम पक्ष को मिली जमीन पर बनने वाली मस्जिद का काम अभी भी फाइलों और नक्शों में उलझा हुआ है।

### फाइनल कर ली गई है नई डिजाइन

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मिली पांच एकड़ जमीन पर एक नई डिजाइन फाइनल कर ली गई है और इसी माह 31 दिसंबर तक इसका नक्शा मंजूरी के लिए विकास प्राधिकरण में पेश किया जाएगा। इसके पहले नक्शा पास करवाने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण में दाखिल आवेदन स्वतः निरस्त हो चुका है। इसके पीछे की प्रमुख वजह आवेदन से जुड़ी प्रक्रियाओं को ट्रस्ट की ओर से पूरा न किया जाना रहा। उम्मीद जताई जा रही है कि मार्च 2026 के बाद धन्नीपुर में निर्माण कार्य धरातल पर शुरू हो जाएगा।

### जमीन के एक हिस्से में स्थापित है मजार

सोहावल के धन्नीपुर गांव इस समय खुला मैदान है। जमीन के एक हिस्से में मजार स्थापित है। इसमें जायरीन आते हैं और जियारत करते हैं। इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन मस्जिद ट्रस्ट के अध्यक्ष जुफर अहमद फारूकी ने बताया कि आधुनिक स्वरूप में तैयार की गई मस्जिद की डिजाइन लोग स्वीकार नहीं कर पा रहे थे।

## पेज एक का शेष....

### रक्षा मंत्री ने ....

जाएगी। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने 2 केंद्रशासित प्रदेशों और 7 राज्यों में इनका निर्माण 5 हजार करोड़ रुपए में किया है। 125 परियोजनाओं में सैन्य-रणनीतिक दृष्टिकोण से सवार्धिक महत्वपूर्ण चीन से लगी एलएसी के करीब लद्दाख में मौजूद दारबुक-श्योक-दौलतबेग ओल्डी सड़क पर बनाई गई 'श्योक सुरंग' और 'गलवान युद्ध स्मारक' है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बीआरओ के इतिहास में आज तक इतनी अधिक लागत के साथ तैयार की गई परियोजनाओं का एक साथ कभी उद्घाटन नहीं किया गया है। कार्यक्रम में बीआरओ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन, जम्मू-कश्मीर से लेकर अन्य राज्यों के राज्यपाल, उप-राज्यपाल समेत कई अन्य गणमान्य हस्तियां मौजूद रही।

**सराहे बीआरओ के प्रयासः** रक्षा मंत्री ने बीआरओ और उसके द्वारा इस साल प्राकृतिक आपदाओं में पहुंचाई गई मदद के लिए उसकी सराहना की है। उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर में हुआ हिमस्खलन इसमें मुख्य है। उत्तराखंड में 46 कर्मियों की जान बचाई गई, उत्तरी सिक्किम में 1600 से ज्यादा आपदा में फंसे हुए पर्यटकों को बचाया, जम्मू-कश्मीर के चशोती में 5 हजार तीर्थयात्रियों को रिकॉर्ड समय में बचाया। तकनीकी उन्नति भी बीआरओ की गजब की रही है। उन्होंने स्वदेशी रूप से श्रेणी-70 मॉड्यूलर पुलों का निर्माण जीआरएसई के साथ मिलकर किया है।

**1.51 लाख करोड़ पर पहुंचा रक्षा उत्पादनः** रक्षा मंत्री के मुताबिक, एक वक्त में हथियारों के मामले में पूरी तरह से विदेशी आयात पर निर्भर रहने वाला भारत बीते एक दशक में हमारी कड़ी मेहनत की वजह तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। रक्षा उत्पादन जो 2014 में 46 हजार करोड़ से वर्तमान में कई गुना बढ़कर 1.51 लाख करोड़ पर जा पहुंचा है। वहीं, रक्षा निर्यात जो दस साल पहले 1 हजार करोड़ पर था। अब वह 24 हजार करोड़ पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में बीआरओ ने 16 हजार 690 करोड़ का रिकॉर्ड व्यय किया है। जबकि 2025-26 के लिए लक्ष्य 18 हजार 700 करोड़ का रखा गया है। उन्होंने बीआरओ की क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास जताते हुए कहा ये सरकार के रक्षा मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के विजन को प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेगा। केंद्र ने 2025-26 में बीआरओ के बजट को 6 हजार 500 करोड़ से बढ़ाकर 7 हजार 146 करोड़ कर दिया है।

### पीएम के विजन ....

सहजीविता उसे दुनिया में बाकी देशों से अलग बनाती है। सीमाओं पर ढांचागत परियोजनाओं के विकास से केवल कनेक्टिविटी या सुरक्षा ही नहीं चाक-चौबंद होती है। बल्कि इनके जरिए देश का आर्थिक विकास भी होता है। 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.2 फीसदी पर जा पहुंचा है।

### संयमित रही सेनाओं ....

थीं, जो हम चाहते थे। लेकिन उन्होंने अपने धैय व साहस का परिचय देते हुए एक संयमित और संतुलित कार्रवाई के विकल्प को चुना। जिसे हम आवश्यकता के हिसाब से की गई कार्यवाही कह सकते हैं। मई-25 की हमारी ये कार्यवाही सशस्त्र सेनाओं की क्षमता और अनुशासन को प्रदर्शित करती है। जिन्होंने बिना अत्यधिक आक्रामकता दिखाए आतंकवाद के खतरे का समूल नाश किया। सीमाई इलाकों में कनेक्टिविटी में सुधार सुरक्षा में बहुआयामी ढंग से परिवर्तन लाता है। जो अत्यधिक दुर्गम इलाकों में अधिक प्रभावी ढंग से सैनिकों की तैनाती बरकरार रखने में भी मददगार है। हमारे विकास के पीछे सरकार की नीतियां और सुधार कारण रहे हैं। वर्तमान में भी हम कई युद्ध और विवाद का सामना कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी हमने एक बड़े विवाद का सामना किया है। लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद हमारी अर्थव्यवस्था और देश लगातार आगे बढ़ रहा है।

### श्योक सुरंग से ....

वातावरण में किया है। सुरंग के जरिए सामरिक नजरिए से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में सेनाओं को बारह महीने सभी मौसम में आवाजाही करने में आसानी होगी। साथ ही इससे सुरक्षा, आवागमन के साथ ही खासतौर पर सर्दियों के मौसम में तेजी से सैन्य तैनाती की क्षमता मजबूत होगी। क्योंकि यह इलाका सर्दियों में भारी बर्फबारी, हिमपात, हिमस्खलन और शून्य से अत्यधिक नीचे जाने वाले तापमान के लिए जाना जाता है।

### गलवान युद्ध स्मारक ....

तनाव घटाने के लिए भारत-चीन के बीच कई दौर की सैन्य और कूटनीतिक वार्ताएं हुईं। जिनके बाद पिछले साल 2024 के अक्टूबर महीने में एलएसी विवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। दोनों देश सीमा पर अप्रैल-2020 के पूर्व की यथास्थिति को बहाल करने के लिए तेजी से प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल एलएसी पर सेनाएं एक-दूसरे के आमने-सामने आक्रामक मुद्रा में तैनात नहीं हैं।

### एयरलाइन ने 610...

मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं। इससे पहले एयरलाइन ने शुक्रवार को लगभग 1600 फ्लाइट और शनिवार को लगभग 800 फ्लाइट कैंसिल की थीं।

### न कैंसिलेशन फीस...

टिकटों के दाम पहले से ही तय रहेंगे। इसका मतलब यह है कि कम उड़ानों की वजह से अचानक से किराया बढ़ाना अब संभव नहीं होगा। केंद्र सरकार ने भी एयरलाइंस को ऐसा करने की अनुमति दी थी। समझने वाली बात यह है कि एविएशन इंडस्ट्री ऑटोमेटेड रेवेन्यू मैनेजमेंट सिस्टम पर चलती है, जिसका अर्थ है जितनी ज्यादा डिमांड, उतना अधिक किराया। लेकिन मौजूदा संकट को देखते हुए दोनों एयरलाइंस ने यात्रियों को राहत देने का फैसला किया है। टिकट बदलने और कैंसिल करने पर भी छूट देने की घोषणा की है। जिन यात्रियों ने 4 दिसंबर तक अपना टिकट बुक किया है और जिनकी यात्रा 15 दिसंबर तक निर्धारित है, वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा बदल सकेंगे। वहीं, यदि वे टिकट कैंसिल करते हैं तो उनसे कोई कैंसिलेशन फीस नहीं ली जाएगी और उन्हें पूरे पैसे का रिफंड मिलेगा। दोनों ने अपने कस्टमर केयर को शुरू कर दिया है।

### सरकार ने अब...

में बताना होगा कि पिछले 5 दिन से जारी संकट के चलते कंपनी पर एक्शन क्यों न लिया जाए। जवाब न देने पर डीजीसीए एकतरफा फैसला ले सकेगा। बाकी एयरलाइंस के बढ़ते किराए पर रोक लगाई।

हवाई किराया फिक्स किया। अब कोई भी एयरलाइन 500 किमी की दूरी तक 7500 रुपए, 500-1000 किमी तक 12 हजार रुपए से ज्यादा किराया नहीं ले पाएगी।

एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18 हजार रुपए तय किया गया है। हालांकि ये किराया सीमा बिजनेस क्लास के लिए लागू नहीं होगी।

### इंडिगो, डीजीसीए और...

अध्यक्षता वाली ट्रांसपोर्ट, टूरिज्म और कल्चर पर पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी, एयरलाइंस के टॉप अधिकारियों और डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) और सिविल एविएशन मिनिस्ट्री के अधिकारियों से हवाई सेवाओं में रुकावट के कारण और संभावित समाधानों के बारे में जवाब मांग सकती है।

### इंडिगो संकट पर ....

कि इंडिगो एक दिन में नहीं गिरी, यह गिरावट कई वर्षों से बन रही थी। कथित खुले पत्र की शुरुआत 2006 में इंडिगो की स्थापना के जिक्र से होती है। लेखक का दावा है कि वर्षों के साथ कंपनी की शुरुआती ग्रोथ लालच में और गौरव अहंकार में बदल गई। पत्र के अनुसार, एयरलाइन की बदहाली की जड़ वहीं से शुरू हुई, जब प्रबंधन ने अनुभव और योग्यता की अनदेखी करते हुए ऐसे लोगों को बड़े पद सौंप दिए, जिनके पास न विशेषज्ञता थी और न ही संचालन की समझ।

### गोवा के नाइट ...

कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। वहीं, प्रधानमंत्री ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवारों को लिए 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है। गोवा के डीजीपी आलोक कुमार ने बताया कि 25 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मरने वालों में ज्यादातर क्लब में काम करने वाले कर्मचारी थे। डीजीपी ने कहा- आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर में बनी रसोई से क्लब के दूसरे हिस्सों में फैली। इसलिए सबसे ज्यादा शव किचन एरिया से मिले हैं। भागने की कोशिश में दो लोगों की मौत सीढ़ियों पर हुई। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग लगते ही अंदर जोरदार भगदड़ मच गई। उस समय क्लब में वीकेंड पार्टी चल रही थी और करीब 100 लोग डांस फ्लोर पर थे। जैसे ही धुआं और लपटें दिखीं, कई लोग घबराकर नीचे की ओर भागे और गलती से ग्राउंड फ्लोर के किचन में पहुंच गए। वहां पहले से मौजूद स्टाफ भी फंस गया। आशंका जताई जा रही है कि यहां दम घुटने से बहुत लोगों की जान चली गई।

**लूथरा और गौरव के खिलाफ मामला दर्जः** अरपोरा-नागोआ पंचायत के सरपंच रोशन रेडकर को हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने नाइटक्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बता दें कि नाइट क्लब एक अस्थायी निर्माण पर चल रहा था और इसके निर्माण में बड़े पैमाने पर ताड़ की पत्तियों का इस्तेमाल हुआ था, जिसके चलते आग तेजी से भड़की।

### अब डिजिटल सत्यापन...

होने जैसी परेशानियों से बचाएगा। अभी कई बार बीच की सर्वर लाइनों में तकनीकी दिक्कत आने से आधार वेरिफिकेशन रुक जाता है, लेकिन क्यूआर और ऐप-बेस्ड ऑफलाइन वेरिफिकेशन से यह दिक्कत खत्म हो जाएगी।

**यूआईडीएआई का एक नया ऐपः** यूआईडीएआई एक नया ऐप भी बीटा-टेस्ट कर रहा है जो ऐप-टू-ऐप वेरिफिकेशन की सुविधा देगा। इस ऐप की खासियत यह होगी कि हर बार केंद्रीय सर्वर से लाइव कनेक्शन की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे एयरपोर्ट, रिटेल आउटलेट, इवेंट वेन्यू जैसी जगहों पर बिना नेटवर्क समस्या के आसानी से आधार चेक हो सकेगा। ऐप के जरिए यूज़र अपना पता अपडेट कर सकेंगे और जिन परिवार के सदस्यों के पास मोबाइल नहीं है, उन्हें भी जोड़ सकेंगे।

**क्या है डिटेलः** यूआईडीएआई प्रमुख भूवनेश कुमार ने बताया कि सभी संस्थाओं को अब एक सुरक्षित एपीआई (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) के जरिए क्यूआर कोड और ऐप-आधारित वेरिफिकेशन का ही इस्तेमाल करना होगा। यानी होटल, इवेंट आयोजन स्थल या अन्य जगहों पर अब फिजिकल आधार कॉपी देने की जरूरत खत्म हो जाएगी। इस कदम का मकसद पेपर-बेस्ड वेरिफिकेशन को हतोत्साहित करना और आधार डेटा के दुरुपयोग की संभावना को कम करना है।

### क्रिकेटर स्मृति मंधाना...

फैसला लिया है और मैं अपने व्यक्तिगत रिश्ते (स्मृति के साथ रिलेशनशिप) से पीछे हटता हूं। यह मेरी लिए बहुत मुश्किल था कि जिस तरह से लोग आसानी से आधारहीन अफवाहों को बल दे रहे थे उस चीज को लेकर जो मेरे लिए एक पवित्र रिश्ता था। लोगों को इस तरह से अनवेरिफाइड अटकलों और गॉसिप पर जज नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही दोनों ने इंस्टाग्राम पर भी एक दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। यानी अब स्मृति मंधाना और पलाश मुच्छल के 6 साल पुराने रिश्ते पर भी अब ब्रेक लग गया है। दोनों लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। अक्सर सोशल मीडिया पर दोनों काफी नजदीक नजर आते थे। स्मृति ने तो अपने प्रोफाइल से भी पलाश के प्रपोज करने और शादी के प्री वेडिंग फंक्शन की तस्वीरें और वीडियो हटा दिए थे। हालांकि, पलाश ने अभी पोस्ट डिलीट नहीं किए हैं।

**पलाश मुच्छल ने दी कानूनी कार्रवाई की धमकीः** स्मृति मंधाना के शादी कैंसिल होने के पोस्ट के बाद पलाश मुच्छल ने भी एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने जहां जिंदगी में आगे बढ़ने और इस रिश्ते से पीछे हटने की बात कही। वहीं उन्होंने अफवाहों और फेक गॉसिप पर गुस्सा भी निकाला। उन्होंने कहा कि अगर अब कोई भी अफवाह या फेक नैरेटिव फैलाया गया तो उनकी टीम इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

**2019 में शुरू हुई थी लव स्टोरीः** स्मृति मंधाना ने 2024 में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपने रिलेशनशिप पब्लिक किया था। हालांकि, दोनों एक-दूसरे को साल 2019 से ही डेट कर रहे थे। यानी छह साल पहले दोनों की लव स्टोरी शुरू हुई थी। पलाश ने अपनी बहन पलक मुच्छल के सामने गाना गाकर स्मृति को प्रपोज किया था। स्मृति के पलाश की बहन पलक के साथ भी अच्छे संबंध थे। लेकिन अब सारे रिश्ते छह साल बाद टूट चुके हैं।

### एलएसी विवाद के ....

एक अहम कदम है। पूर्व में पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत के अलावा पर्यटक व अन्य वीजा की बहाली, प्राचीन व्यापारिक मार्गों को खोलने जैसे कई अन्य कदम भी उठाए चुके हैं। दूतावास ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है।

**दूतावास से होने वाला लाभः** यह नया दूतावास भवन शंघाई के चांगनिंग जिले के प्रमुख डॉनिंग सेंटर में 1 हजार 436.63 वर्गमीटर में फैला हुआ है। जो पहले के मुकाबले दोगुना से भी अधिक बड़ा है। शंघाई वाणिज्य दूतावास चीन के पूर्वी क्षेत्र में भारत के तीव्र गति से बढ़ रहे व्यापारिक समुदाय के लिए काफी मददगार रहा है। यह वही इलाका है, जहां यिवू जैसे प्रमुख व्यापार व व्यवसाय केंद्र भी मौजूद हैं।

**आज से शुरू होगा कामकाजः** दूतावास के मुताबिक, सोमवार (8) दिसंबर से नए भवन से दूतावास से जुड़े समूचे कार्य की शुरुआत हो जाएगी। भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने कहा कि 1992 के बाद यह हमारे लिए बेहद खास अवसर है। क्योंकि वर्तमान में दोनों देश अपने संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में दूतावास के कई अन्य प्रतिनिधि, चीन के स्थानीय प्रशासन के अधिकारी और शंघाई तथा अन्य शहरों से आए भारतीय समुदाय के करीब 400 से अधिक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बोले, सशस्त्र बलों....

स्मरण किया जाता है।

बलों के पराक्रम, बलिदान को नमनः राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस महत्वपूर्ण दिवस को लेकर की गई अपनी एक्स पोस्ट में सशस्त्र बलों के पराक्रम और बलिदान को नमन किया। साथ ही कहा कि उनका साहस हमारे राष्ट्र की रक्षा करता है। जबकि उनकी निस्वार्थ भाव से की गई देश की सेवा हमें उस ऋण की याद दिलाती है। जिसे हम कभी चुका नहीं सकते हैं। रक्षा मंत्री ने सभी देशवासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने का आग्रह किया। इसके अलावा यह भी कहा कि आपका सहयोग उनके समर्पण का सम्मान करता है। साथ ही हमारी रक्षा करने वालों को मजबूती प्रदान करता है।

### भारत की पांच...

जाने वाली प्राथमिकताओं में शुमार हैं। राष्ट्रीय राजधानी में हूकर की विदेश मंत्री विक्रम मिस्री के साथ विदेश कार्यालय संबंधी मंत्रणा भी हो सकती है। यहां ध्यान देने वाली एक बात यह भी है कि भारत-अमेरिका के बीच आगामी 10 दिसंबर को द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर रुकी हुई बातचीत की फिर से शुरुआत होने वाली है। जिसमें हूकर भी शामिल हो सकती हैं।

## थाना प्रभारी की मौत की आरोपी महिला सिपाही को किया गिरफ्तार



एजेंसी ⏭ उरई

यूपी के उरई में थाना प्रभारी अरुण कुमार राय की आत्महत्या मामले में आरोपी महिला सिपाही मीनाक्षी शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। महिला सिपाही की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे रविवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मृतक थाना प्रभारी अरुण कुमार राय की पत्नी माया राय ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने महिला सिपाही के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में लिया था जो घटना के वक्त अरुण राय के आवास पर मौजूद थी और स्टाफ को गोली लगने की सूचना देकर वहां से फरार हो गई थी जिसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। बीती शुक्रवार रात को कुठौंद थाना प्रभारी अरुण राय की पिस्टल से चली गोली से मौत हो गई थी। उनका शव रक्तरंजित हालत में थाना परिसर में बने आवास में मच्छर दानी के अंदर पड़ा मिला था और उनके सीने पर पिस्टल रखी हुई थी। घटना के बाद कोंच में तैनात महिला सिपाही उनके कमरे से चिल्लाते हुए थाने में पहुंची थी और घटना की जानकारी देकर मौके से भाग गई थी। उसके भागने का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। जानकारी पर पहुंची थाना प्रभारी की पत्नी माया राय ने आरोपी मीनाक्षी पर हत्या का आरोप लगाते हुए एसपी को तहरीर दी थी। इस पर उसके खिलाफ हत्या की रिपोर्ट कुठौंद थाने में दर्ज की गई थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी महिला सिपाही को न्यायालय में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया।



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style



# सामंथा
## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।

हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।




# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती



की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।

# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आजाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।



# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता :** रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यू फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*नई दिल्ली। रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुई और सुपरहिट हुई थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलिया नरेंद्र में सुबह करीब 11 बजे हुआ हादसा

# पिकनिक मनाने जा रही बस से भृत्य गिरा, पिछला पहिया सिर के ऊपर निकला, मौके पर हो गई मौत, पुलिस ने बस जब्त कर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलिया नरेंद्र में शनिवार सुबह दर्दनाक हादसे में निजी स्कूल के भृत्य की मौत हो गई। दरअसल, स्कूल स्टाफ और पचास बच्चों के साथ भृत्य नरसिंहगढ़ से सांची पिकनिक मनाने जा रहा था। बस के सामने वाले गेट से थूंकने के लिए झुका ही था कि चलती बस से नीचे गिर गया। नीचे गिरने से बस का पिछला पहिया उसके सिर के ऊपर से होता हुआ निकल गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार कमल जाटव पिता मांगीलाल जाटव (32) नरसिंहगढ़ का रहने वाला था और नरसिंहगढ़ के ही एक प्राइवेट स्कूल में भृत्य था। स्कूल प्रबंधन शनिवार सुबह नरसिंहगढ़ से बच्चों को पिकनिक मनाने के लिए सांची ले जा रहा था। बस में करीब पचास बच्चे और स्टाफ था। स्टाफ पीछे की तरफ बैठा था, जबकि कमल जाटव सामने वाले गेट के पास खड़ा था। बस सुबह 11 बजे बैरसिया स्थित गांव इमलिया नरेंद्र पहुंची थी। कमल ने थूकने के लिए खिड़की से मुंह बाहर निकाला तो गेट खुल गया। चलती बस में गेट खुलने से वह नीचे गिर गया, जब तक बस का ड्राइवर कुछ समझ पाता। बस का पिछला पहिया कमल जाटव के सिर के ऊपर से होता हुआ निकल गया। इस हादसे में कमल की मौके ही मौत हो गई।

**बस में सामने गेट के पास खड़े कमल ने थूकने के लिए खिड़की से मुंह बाहर निकाला तो गेट खुल गया और वह नीचे गिर गया**

### दूसरी बस से बच्चों और स्टाफ को पहुंचाया नरसिंहगढ़

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस जब्त कर ली है। इधर, दूसरी बस से बच्चों और स्कूल स्टाफ को नरसिंहगढ़ भेजा गया। पुलिस ने कमल का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया था। परिजन शव लेकर नरसिंहगढ़ के लिए निकल गए।

### निजी स्कूल की अकाउंटेंट ने फांसी लगाकर दी जान

कोलार थाना क्षेत्र स्थित न्यू ओम नगर में निजी स्कूल की अकाउंटेंट ने शुक्रवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने बीमारी के कारण आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार न्यू ओम नगर में रहने वाली 27 वर्षीय सुजाता खंडाले मदर टेरेसा स्कूल में अकाउंटेंट थी। शुक्रवार को ही उसका जन्मदिन था और इसी दिन उसने सुसाइड कर लिया। युवती ने अपने घर में फांसी लगा ली थी। इसके बाद परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां कुछ देर बाद ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कार ने सड़क पार कर रहे चौकीदार को मारी टक्कर, मौत

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कलारी के सामने मुख्य सड़क पर रायसेन की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने चौकीदार को टक्कर मार दी। हादसा शुक्रवार शाम करीब साढ़े 7 बजे के आसपास का है। चौकीदार को एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, वहां रात करीब दस बजे डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार और चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार महाराज सिंह मीणा (54) गांव कोसाखेड़ी, थाना करारिया, जिला विदिशा के थे। करीब पंद्रह साल से वह भदौरिया फार्म हाउस पर चौकीदारी कर रहे थे और फार्म हाउस में रह रहे थे। शुक्रवार शाम सवा 7 बजे के आसपास वह बिलखिरिया स्थित कलारी के पास से सड़क पार कर रहे थे, तभी रायसेन की ओर से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे उछलकर सड़क पर गिरे थे। उनके दोनों पैर टूट गए, जबकि सिर और जबड़े में भी गंभीर चोट थी। उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।

चोट अधिक होने के कारण इलाज के दौरान रात करीब दस बजे उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद उनका बेटा दशरथ सिंह मीणा गांव से भोपाल पहुंच गया था। शनिवार को शव पीएम के बाद दशरथ को सौंप दिया गया है। उनकी पत्नी की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। परिवार में महाराज सिंह मीणा का केवल बेटा दशरथ है।

सीएम डॉ. यादव ने कहा- महापुरुषों के नाम पर भोपाल में विभिन्न मार्गों पर बनेंगे 9 द्वार

# राजधानी में विभिन्न मार्गों पर बनने वाले द्वार 'विरासत' के साथ विकास को करेंगे जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजधानी के गौरवशाली अतीत को निखारने के लिए सभी समन्वित आवश्यक प्रयास पूरी प्रतिबद्धता के साथ किए जाएंगे। महान प्रतापी राजा भोज के शासन के एक हजार साल पूर्ण होने पर भोज-नर्मदा द्वार का भूमि-पूजन किया गया था।

राजधानी में महान चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के शासन के दो हजार साल पूर्ण होने पर उनके नाम पर बनने वाले द्वार का भूमि-पूजन किया जाएगा। भोपाल में महापुरूषों के नाम पर विभिन्न मार्गों पर 9 भव्य द्वार बनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात शनिवार को समत्व भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह में कही। मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के निर्वाण दिवस पर स्मरण करते हुए कहा कि आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश में 'चाय वाला' प्रधानमंत्री और 'गाय वाला' मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक और विश्व प्रसिद्ध धरोहर सांची को जीवंत करते द्वार बनाए जाएंगे। राजधानी में निर्मित होने वाले यह भव्य द्वार विभिन्न महापुरूषों और उनकी विरासत को प्रस्तुत करेंगे। अभिनंदन कार्यक्रम को विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया।

**भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, सम्राट अशोक और विक्रमादित्य के नाम पर होंगे द्वार**


समत्व भवन में सीएम डॉ. यादव उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए।

**मुख्यमंत्री ने निर्वाण दिवस पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर का किया स्मरण**


सीएम डॉ. यादव का अभिनंदन करते विधायक शर्मा।

## सम्राट अशोक और विश्व प्रसिद्ध धरोहर सांची को जीवंत करते द्वार बनाए जाएंगे: सीएम


उद्बोधन देते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### 'विकास भी-विरासत भी' के संकल्प को साकार करती मोहन सरकार: विधायक शर्मा

विधायक रामेश्वर शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास पर भेंट सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दी। रामेश्वर शर्मा ने मोहन सरकार के दो साल बेमिसाल पर कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'विकास भी, विरासत भी' के संकल्प को मजबूत रूप से आगे बढ़ाया है। रामेश्वर ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के साथ-साथ विरासत संवर्धन को भी नई गति मिली है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने मुख्यमंत्री को 13 दिसंबर को फंदा में बनने वाले वीर विक्रमादित्य स्वागत द्वार के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह स्वागत द्वार इतिहास व संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने ग्रहण किया पदभार

## महिलाएं लोकतंत्र को सही दिशा में ले जाने में समर्थः खंडेलवाल



परांजपे का अभिनंदन करते हेमंत व पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे को पदभार ग्रहण कराकर संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लेकर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का कार्य किया है। महिलाएं अब जागरूक हैं, वह अच्छी तरह से समझती हैं कि लोकतंत्र किस दिशा में जाना चाहिए। महिलाएं अब किसे वोट देना है, यह स्वयं निर्णय करती हैं। वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश में हुए विधानसभा और इसके बाद लोकसभा चुनाव के साथ हाल ही में बिहार में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने भाजपा की जीत को आसान बना दिया। महिला कार्यकर्ता मध्यप्रदेश के हर घर तक भाजपा के कार्यों को पहुंचाने का लक्ष्य लेकर कार्य करें। फर्जी व बाहरी मतदाता चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ता एसआईआर के कार्यों में अधिक से अधिक योगदान दें। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माया नारोलिया ने कहा कि अश्विनी परांजपे के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का महिला मोर्चा अपने संगठनात्मक कार्यों में इतिहास रचेगा।

### एसआईआर का कार्य भारत माता की पूजा की तरह

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने पदभार संभालने के बाद अपने संबोधन में कहा कि एसआईआर का कार्य भारत माता की पूजा की तरह है। मध्यप्रदेश में इस समय एसआईआर का कार्य चल रहा है। महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ता एसआईआर के कार्य में सहयोग करें, ताकि एक भी सही मतदाता वंचित न रहने पाए।

## हाइवा वाहन ने मारी बाइक को टक्कर, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 कोंडागांव जिले के बनियागाव में रविवार की दोपहर को एक तेज रफ्तार हाइवा वाहन ने सामने से आ रही एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में जहां बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं, घटना के बाद से हाइवा चालक मौके से फरार हो गया, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कोंडागांव जिले के बनियागाव नेशनल हाईवे 30 पर हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार हाइवा की बाइक के साथ टक्कर हो गई, इस घटना में बाइक सवार युवक व पीछे बैठी बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को आसपास के लोगों ने तत्काल जिला अस्पताल के लिए रवाना किया। जहां पर दोनों घायलों की हालत नाजुक बताया जा रहा है। वहीं, दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद हाइवा वाहन लेकर फरार हो गया, पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 11वें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल में की शिरकत

## विज्ञान आधारित विकास मॉडल बनेगा प्रगति का आधार

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्टूडेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी विलेज का किया उद्‌घाटन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे विज्ञान को प्रयोगशालाओं की दीवारों से बाहर निकालकर उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। जब उनका ज्ञान एक किसान की फसल बढ़ाता है, जब शोध एक मरीज की बीमारी ठीक करता है, जब नवाचार एक उद्यमी को सशक्त करता है, तभी विज्ञान सही मायने में समृद्धि लाता है। मुख्यमंत्री रविवार को पंचकूला के सेक्टर-5 में आयोजित चार दिवसीय 11वें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के दूसरे दिन मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने समारोह में स्टूडेंटस साइंस एंड टेक्नोलॉजी विलेज का उद्‌घाटन किया। इस विलेज को आधुनिक भारत का नया नालंदा की संज्ञा दी गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों में गहरी रूचि दिखाई। साइंस फेस्टिवल का उल्लेख करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह पर्व विज्ञान, नवाचार, स्टार्ट अप ऊर्जा, भविष्य की तकनीक और नए भारत के सपनों का संगम है।

### भाजपा सरकार आमजन के हितों की सच्ची रक्षक

**कैथल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में जल्द ही विभिन्न विभागों में भर्तियां की जाएंगी। जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके लिए सरकार द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी वाली भाजपा सरकार आमजन के हितों की सच्ची रक्षक है। इसी के तहत बिना किसी भेदभाव के मेरिट आधार पर नौकरी दी जाती है और हमारे लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोकसभा में इस बात का जिक्र किया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## *कैश वाहन से बदमाशों ने की लाखों रुपए की लूट*

**आरोपियों की तलाश जारी, सीसीटीवी खंगला रही पुलिस**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कुम्हारी थाना क्षेत्र में कैश वाहन से अज्ञात बदमाशों ने लाखों रुपये की लूट की वारदात की।

पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। आरोपियों की तलाश जारी है। शनिवार देर शाम कपसदा गांव स्थित गोयल स्कूल के पास बाइक सवार युवकों ने सड़क पर दुर्घटना का बहाना बनाकर कैश वैन रुकवाई और 14.60 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस क्राइम ब्रांच की टीम के साथ मिलकर पूरे मामले की जांच में जुटी है और कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है।

## हमर राज पार्टी जिलाध्यक्ष की कार जलाने वाले गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद




सुपारी लेकर हमर राज पार्टी के जिला अध्यक्ष की कार में आग लगाने वाले पांच बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों को आज पुलिस ने शहर में पैदल मार्च कराते हुए कोर्ट पेश किया। बता दें कि घटना एक दिसंबर की रात की है, जब बुढ़ापारा वार्ड क्रमांक 20 पाररास निवासी देवेंद्र साहू की कार को अज्ञात लोगों ने उनके घर के भीतर खड़ी स्थिति में आग के हवाले कर दिया था। मामले की शिकायत पर थाना बालोद में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि जेल में बंद अश्वनी डडसेना ने पत्रकार देवेंद्र साहू को नुकसान पहुंचाने के लिए सुपारी दी थी। बताया जा रहा है कि डडसेना ने फैजान नामक आरोपी को सुपारी देकर कहा था कि देवेंद्र साहू को जान से मार दो, और इस काम में उसकी पत्नी, ग्राम अंगारी सरपंच ममता डडसेना की भी भूमिका रही। पूरे मामले में पुलिस ने अनिकेत मेश्राम, सूरज रंगारी, दानेश्वर साहू, मोहम्मद फैजान और अभिषेक चौरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल बाइक, मोबाइल और कपड़े जब्त किए हैं।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर और सांसद शर्मा ने किया महाराजा छत्रसाल की अष्टधातु की प्रतिमा का अनावरण

# बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल का संघर्षमयी जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि बुन्देलखण्ड महाराजा छत्रसाल की कर्मभूमि रहा है। भारत के कण कण में शंकर की भांति पन्ना के कण कण में हीरा की किवदंती प्रासंगिक है। इस ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी अवसर पर हमें सच्चे देशभक्त बनने का मजबूत संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि महाराजा छत्रसाल का जीवन संघर्ष से भरा रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मुगल साम्राज्य के विरूद्ध अद्भुत शौर्य और पराक्रम दिखाया। यह बात विधानसभा अध्यक्ष सिंह तोमर ने शनिवार को पन्ना नगर के धरम सागर तालाब परिसर में महाराजा छत्रसाल की अष्टधातु की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में कही। उन्होंने उपस्थित लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विस अध्यक्ष का तलवार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

**सच्चे देशभक्त बनने का सभी को लेना चाहिए संकल्प**


अष्टधातु प्रतिमा के अनावरण का दृश्य।

### *प्रतिमा का अनावरण गौरवशाली क्षण*

*तोमर ने कहा कि बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल की राजधानी एवं हीरा, तालाब और मंदिरों की नगरी पन्ना में प्राचीन व ऐतिहासिक धरम सागर तालाब के किनारे छत्रसाल की प्रतिमा का अनावरण गौरवशाली क्षण है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगरवासी भी साक्षी बनकर उत्साहित हैं। मप्र के ऐतिहासिक स्थान के रूप में मान्यता प्राप्त पन्ना भगवान जुगल किशोर की पावन स्थली तथा महाराजा छत्रसाल के गुरु प्राणनाथ की तपस्थली भी है। खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम मात्र प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि महाराजा छत्रसाल के संघर्ष को निरंतर स्मरण करने का अवसर भी है। सांसद ने कहा कि आईकोनिक सिटी खजुराहो की भांति पन्ना नेशनल पार्क और मंदिरों में भी पर्यटकों का बड़ी संख्या में आगमन हुआ है। पन्ना टाईगर रिजर्व पर्यटकों का पसंदीदा पर्यटक स्थल बनकर उभरा है।*

## चिंतन

# इंडिगो अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार लाए

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइंस को एक बड़े परिचालन संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण उसकी हजारों उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। लाखों यात्री प्रभावित हुए हैं। एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन जैसे हालात दिखाई दे रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पायलटों और क्रू की कमी, नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों का प्रभाव, और तकनीकी खामियां बताई जा रही हैं। एफडीटीएल नियमों के तहत पायलटों के उड़ान घंटों में कटौती और विश्राम अवधि में वृद्धि की गई है, जिससे इंडिगो को अचानक क्रू की कमी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, एयरलाइन की नियोजन और मानव संसाधन प्रबंधन में कमियों ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। फिलहाल डीजीसीए ने जांच शुरू की है और एयरलाइन को सुधारात्मक उपाय प्रस्तुत करने को कहा है। वहीं, एफडीटीएल नियमों में अस्थायी छूट भी दी है, ताकि एयरलाइन क्रू की कमी को दूर कर सके। सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए एयरलाइन को तत्काल रिफंड जारी करने, फेयर कैप लगाने और यात्रियों को राहत देने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद हजारों यात्री रोजाना परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस केंद्रीय विमानन मंत्रालय ने बताया कि रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ रुपये का रिफंड कर दिया है। साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3,000 से ज्यादा बैगेज भी लौटा दिए हैं। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट पूरी क्षमता के साथ उड़ान भर रही हैं। इंडिगो का यह संकट न केवल एक एयरलाइन की विफलता है, बल्कि यह नियामकीय ढांचे और मानव संसाधन प्रबंधन की कमियों को भी उजागर करता है। सरकार और नियामक संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और यात्रियों के अधिकारों की रक्षा हो सके। साथ ही, इंडिगो को अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार लाना होगा और क्रू की कमी को तत्काल दूर करना होगा। पिछले करीब छह दिनों से चल रही इस हड़ताल के कारण हजारों यात्री फंसे, उड़ानें रद्द होने से यात्रा योजनाएं बिगड़ीं और कई को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। सोशल मीडिया पर यात्रियों की नाराजगी और सरकार से कार्रवाई की मांग उठी। इंडिगो के सामने आने वाली मुश्किलें केवल उसके परिचालन हिस्से तक सीमित नहीं हैं। यह कहीं गहरे जाकर उस संरचना से टकराती हैं, जिस पर पूरा विमानन उद्योग टिके होने का दावा करता है। भारत जैसा तेजी से विकसित होता बाजार लगातार नए यात्रियों को जोड़ रहा है, लेकिन उस गति से एयरलाइन कंपनियों, हवाई अड्डों, तकनीकी प्रणालियों और मानव संसाधनों ने खुद को तैयार नहीं किया। परिणामस्वरूप, जैसे-जैसे उड़ानों का दायरा बढ़ा, वैसे-वैसे हर छोटे व्यवधान का असर बड़ा और व्यापक होता गया। इंडिगो के मामले में यह असर सबसे ज्यादा दिखाई दिया क्योंकि उसके बेड़े और नेटवर्क का आकार बाकी एयरलाइनों की तुलना में कहीं विशाल है। छोटे व्यवधान भी बड़े पैमाने पर यात्रियों को प्रभावित करते हैं। इंडिगो का संकट हमें याद दिलाता है कि विमानन सिर्फ आसमान में उड़ने की कहानी नहीं, बल्कि ज़मीन पर की गई सूझबूझ भरी तैयारियों का परिणाम है। यह क्षण इंडिगो के लिए चेतावनी भी है और सुधार का अवसर भी और उद्योग के लिए भविष्य की दिशा तय करने का समय भी है।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# चुनौतियों के बावजूद विकास दर बढ़ी

भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की 8.2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है।

हाल ही में सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। स्थिति यह है कि चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की 8.2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है।

गौरतलब है कि इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में महंगाई घटने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती से उपभोग और घरेलू खपत में जोरदार इजाफा होने से विकास दर बढ़ी है। जहां भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप के टैरिफ का प्रतिकूल असर झेल गई, वहीं निर्यात, पूंजीगत निवेश और निवेश रुझान पर प्रतिकूल असर की चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ी है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं से निर्मित हो रही चुनौतियों से निपटने की स्थिति में है। निश्चित रूप से जब दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई तेजी से बढ़ रही है, वहीं भारत में महंगाई में तेज कमी भारत की एक बड़ी आर्थिक ताकत बन गई है। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां अक्टूबर 2025 में खुदरा महंगाई घटकर पिछले 10 साल के न्यूनतम स्तर 0.25 प्रतिशत पर आ गई, वहीं थोक महंगाई 27 महीने के निचले स्तर शून्य से 1.21 प्रतिशत नीचे रही है।

महंगाई में यह ऐतिहासिक कमी प्रमुखतया सब्जियां, फल, अंडे, फुटवियर, अनाज व उससे बने उत्पाद, बिजली, परिवहन और संचार आदि मदों की महंगाई में गिरावट के कारण हुई है। महंगाई में आई गिरावट के पीछे विगत 22 सितंबर से लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार की भी अहम भूमिका है। जीएसटी दरों में की गई कमी से खाने-पीने की सभी वस्तुएं सस्ती हुई हैं। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2025 में शाकाहारी थाली सालाना आधार पर 17 फीसदी सस्ती होकर 27.8 रुपये और मांसाहारी थाली 12 फीसदी सस्ती होकर 54.4 रुपये के मूल्य स्तर पर पाई गई। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। अनुमान है कि इस वित्त वर्ष 2025-26 में औसतन खुदरा महंगाई दर 2.5 प्रतिशत रह सकती है, जो पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम होगी। निस्संदेह भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती के मद्देनजर महंगाई घटने और जीएसटी सुधार के साथ-साथ कुछ और आर्थिक



अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने रूस और चीन के साथ आर्थिक-वैश्विक कूटनीति और नए निर्यात बाजारों में आगे बढ़ने की जो रणनीति अपनाई, वह कारगर दिखाई दे रही है। इस नीति से ट्रंप के टैरिफ के बीच पिछले अगस्त से अक्टूबर माह में अमेरिका को छोड़कर अन्य देशों में भारत के निर्यात बढ़े हैं। इन सबके साथ-साथ विभिन्न देशों के साथ तेजी से आकार लेते हुए दिखाई दे रहे भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भारत के निर्यात के मद्देनजर मील का पत्थर बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, 21 नवंबर से देश में लागू नए श्रम कानून देश के आर्थिक विकास में नई प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह आर्थिकी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि यद्यपि चालू वित्त वर्ष 2025- 26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, लेकिन इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओ में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है।

साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की मध्यवर्ती आर्थिक समीक्षा में कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने और महंगाई में कमी का लाभ भारत की अर्थव्यवस्था को मिला है। लेकिन अमेरिका की टैरिफ चुनौतियों सहित अन्य वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन बेहतर करने हेतु उद्योग-कारोबार को आर्थिक-वित्तीय सहारा जरूरी है। इसी प्रकार विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन अब भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा उद्योग-कारोबार के लिए निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। निश्चित रूप से देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनाने के मद्देनजर कई अहम बातों पर ध्यान देना होगा। जीएसटी के बाद अब ऊंची आर्थिक विकास दर के मद्देनजर नई पीढ़ी-अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है। इन सुधारों के तहत जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता, बुनियादी ढांचा सुधार, प्रशासन को सशक्त बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने संबंधी सुधार शामिल हैं। साथ ही देश को कृषि, बैंकिंग, बीमा, परिवहन और दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज आदि सुधारों की डगर पर भी आगे बढ़ना होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बोधि दिवस

श्वेता गोयल




# हजारों वर्षों बाद भी प्रासंगिक हैं गौतम बुद्ध की शिक्षाएं

हर साल 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है, यह दिन राजकुमार सिद्धार्थ गौतम को परम ज्ञान की प्राप्ति के उपलक्ष्य में समर्पित है, जिसके बाद वे गौतम बुद्ध या जागृत व्यक्ति के रूप में जाने गए। दुनियाभर में यह पवित्र दिन विभिन्न नामों से मनाया जाता है और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्म-ज्ञान और मानवीय करुणा का प्रतीक है, जो हमें जीवन के सार को समझने के लिए प्रेरित करता है। गौतम बुद्ध का जीवन एक असाधारण आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। लुम्बिनी (वर्तमान नेपाल) में 562 ईसा पूर्व में जन्म लेने वाले सिद्धार्थ गौतम राजा शुद्धोधन के पुत्र थे, जो शाक्य वंश के वंशज थे। वे राजकीय सुख-सुविधाओं में पले-बढ़े थे लेकिन 29 वर्ष की आयु में उनकी सोच पूरी तरह बदल गई। एक बार राज्य भ्रमण के दौरान जब सिद्धार्थ ने आसपास की गरीबी, बीमारी और कष्ट को देखा, तो उनके हृदय पर गहरा प्रभाव पड़ा। राजसी जीवन उनके लिए अर्थहीन हो गया और उन्होंने सत्य की खोज के लिए सभी सांसारिक सुखों का त्याग कर दिया। एक रात चुपचाप राजमहल को छोड़कर सिद्धार्थ गौतम अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर निकल पड़े। अगले छह वर्षों में सिद्धार्थ ने कठोर तपस्या की और गहन आत्मनिरीक्षण के माध्यम से जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न आध्यात्मिक प्रथाओं का पालन किया लेकिन सच्चा ज्ञान उन्हें तब मिला, जब वह बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान में बैठे। यह वह क्षण था, जब सिद्धार्थ गौतम को अपने भीतर और ब्रह्मांड के रहस्यों का ज्ञान प्राप्त हुआ और वे 'बुद्ध' अर्थात प्रबुद्ध या जागृत व्यक्ति बन गए। 'बुद्ध' शब्द संस्कृत में एक ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है, जो अपने आत्मबोध और अध्यात्मिक चेतना तक पहुंच गया हो। यह घटना करीब 2,500 वर्ष पहले घटी थी और इसी के उपलक्ष्य में हर वर्ष 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है। बोधि दिवस की मनाई जाने वाली परंपराएं और इसका सांस्कृतिक महत्व सारी दुनिया में समान हैं। इस दिन बौद्ध धर्म के अनुयायी गहन ध्यान करते हैं, बौद्ध ग्रंथों का जाप और अध्ययन करते हैं और महात्मा बुद्ध की पूजा करते हैं। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह एक सामूहिक मंच प्रदान करता है, जहां लोग सामान्य भलाई के लिए काम करने के लिए एकजुट होते हैं। इस दिन समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ आते हैं और दूसरों के कल्याण के लिए अच्छे कार्य करते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी आपस में जुड़े हुए हैं और हमारे कार्यों का प्रभाव समाज के प्रत्येक सदस्य पर पड़ता है। गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से एक सार्वभौमिक धर्म की स्थापना की, जो आयु, जाति, राष्ट्रीयता, पेशे, लिंग और अन्य सभी सामाजिक बाधाओं से परे है। उनका दर्शन यह है कि आत्मज्ञान और मुक्ति का मार्ग सभी के लिए खुला है, चाहे वह कोई भी हो। बुद्ध ने मनुष्य को नैतिकता, ध्यान और ज्ञान के अभ्यास के माध्यम से आत्मज्ञान का रास्ता दिखाया। उनकी शिक्षा का केंद्र बिंदु मध्यम मार्ग है, जो अत्यधिक तपस्या और इंद्रिय भोग दोनों से बचता है। यह मार्ग सीधे निर्वाण की ओर ले जाता है, जो अज्ञानता, तृष्णा, पुनर्जन्म और दुःख से मुक्ति है। बुद्ध ने अपनी शिक्षा का सारांश आर्य अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से दिया है, जिसमें सही दृष्टिकोण, सही संकल्प, सही भाषण, सही आचरण, सही आजीविका, सही प्रयास, सही सचेतनता और सम्यक समाधि शामिल हैं। ये आठ सिद्धांत मन के प्रशिक्षण की एक व्यापक विधि प्रदान करते हैं। हजारों वर्षों बाद भी गौतम बुद्ध के उद्धरण और शिक्षाएं आज के मानव समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। बुद्ध ने कहा है, 'अतीत में मत रहो, भविष्य के सपने मत देखो, मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।' यह उद्धरण हमें सिखाता है कि आज का क्षण ही सबसे महत्वपूर्ण है और हमें वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बुद्ध ने कहा है, 'हर सुबह हम नया जन्म लेते हैं। आज हम जो करते हैं, वही सबसे ज्यादा मायने रखता है।' यह विचार हमें प्रत्येक दिन को एक नई शुरुआत के रूप में देखने के लिए प्रेरित करता है और हमारे कार्यों के महत्व को स्पष्ट करता है। क्रोध और नकारात्मक भावनाओं से निपटने के बारे में बुद्ध का दर्शन विशेष रूप से मूल्यवान है। उन्होंने कहा है, 'आपको अपने क्रोध के लिए दंडित नहीं किया जाएगा, आपको अपने क्रोध द्वारा दंडित किया जाएगा।' बोधि दिवस हमें संदेश देता है कि हम सभी अपनी परिस्थितियों से परे जा सकते हैं, आत्मज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और एक अर्थपूर्ण जीवन जी सकते हैं।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिव कोई नाम नहीं है



संकलित

दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित

प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कैसे रुकेगी रुपए की गिरती कीमत

बीते बुधवार को हमारे देश की आर्थिक व्यवस्था के क्षेत्र के लिए एक चिंता भरी खबर सामने आई, खबर यह थी कि हमारे देश के रुपए की कीमत में भारी गिरावट आई अर्थात यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग नब्बे के नीचे आ गया। हालांकि सरकार और आरबीआई इससे निपटने के लिए काम कर सकते हैं। लेकिन फिर भी यह देश के लिए चिंता की बात है। यह देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि रोजगार और महंगाई के लिए भी टेंशन बढ़ाने वाली है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले हमारे देश के रुपए के गिरने का सिलसिला मोदी सरकार में ही नहीं, बल्कि जाने माने अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के राज में भी था। इस दिशा में ठोस समाधान तलाशने की जरूरत है। – *रमेश वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ



आज जब भारत की ग्रोथ तेज है, तब इसे कोई हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ नहीं कहता। ये गुलामी की मानसिकता का प्रतिबिंब ही था कि कभी भारत की कमजोर इकोनॉमिक ग्रोथ को हमारी आस्था तक से जोड़ा गया, फिर भी तथाकथित बुद्धिजीवियों को उसमें सांप्रदायिकता नजर नहीं आई।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### प्रदूषण नियंत्रण



दिल्ली में ऐसा पहली बार हो रहा है कि सैकड़ों स्प्रिंकलर गाड़ियां राजधानी के रिंग रोड की वाशिंग कर रही हैं। हम सबका मिशन एक है-प्रदूषण नियंत्रण। हमारी सरकार हर स्तर पर प्रदूषण के विरुद्ध निर्णायक युद्ध के लिए पूरी तरह सजग है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### गोवा आग हादसा



गोवा के अरपोरा में हुए भीषण आग हादसे में कई व्यक्तियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से मृतकों की आत्मा को शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना करता हूं। ॐ शांति।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### विनम्र व्यवहार करें



फ्लाइट में देरी होना निराशाजनक होता है, लेकिन उन चेहरों को याद रखें जो इसे ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। कृपया इंडिगो के कर्मचारियों के साथ अच्छा और विनम्र व्यवहार करें; रद्दीकरण का बोझ भी उन्हें ही उठाना पड़ता है।

- सोनू सूद, अभिनेता

## करंट अफेयर

# चीनी विमान ने जापानी लडाकू विमान पर रडार किया लॉक

चीनी विमानवाहक पोत लियाओनिंग से उड़ान भरने वाले एक सैन्य विमान ने जापान के ओकिनावा के पास जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना 'रडार लॉक' कर दिया जिसे लेकर जापान ने चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। 'रडार लॉक' का मतलब होता है- किसी सैन्य विमान का अपने रडार को दूसरे विमान या लक्ष्य पर इस तरह केंद्रित करना कि वह उसकी सटीक स्थिति, गति और दिशा पर लगातार नजर रख सके। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के सैन्य विमान जे-15 ने शनिवार को दो बार अलग-अलग समय में जापानी एफ-15 लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया। मंत्रालय ने कहा कि एक बार दोपहर में लगभग तीन मिनट के लिए और फिर शाम को लगभग 30 मिनट के लिए ऐसा किया गया। मंत्रालय के अनुसार, चीनी विमान से उन जापानी लड़ाकू विमानों पर 'रडार लॉक' किया जिन्होंने चीन की ओर से हवाई क्षेत्र के संभावित उल्लंघन के खिलाफ प्रतिक्रिया दी थी। मंत्रालय ने कहा कि जापानी हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और इस घटना से कोई नुकसान होने की भी सूचना नहीं मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि 'रडार लॉक' करने की घटना में दोनों बार वही चीनी जे-15 विमान शामिल था या नहीं।



## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है

हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे – जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



गीता का पाठ करते साधु-संत

'पंच लाखों कंठे गीता पाठ' नाम से किया आयोजन

# कोलकाता में पांच लाख लोगों ने एक साथ किया गीता का पाठ मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों से जुड़े साधु-संत भी रहे शामिल

इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता तथा स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज (कार्तिक महाराज) और धीरेंद्र शास्त्री जैसे प्रमुख धर्मगुरू भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## अग्निमित्रा ने कहा- गीता केवल हिंदुओं के लिए नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों को देगी ज्ञान

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्यों से आए लाखों श्रद्धालुओं, साधुओं और साध्वियों ने कोलकाता के प्रसिद्ध ब्रिगेड परेड मैदान में विशाल भगवद गीता पाठ में हिस्सा लिया। भगवा वस्त्र पहने साधु एक साथ गीता की प्रतियों से श्लोक पढ़ रहे थे। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता तथा स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज (कार्तिक महाराज) और धीरेंद्र शास्त्री जैसे प्रमुख धर्मगुरू भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।'पंच लाखो कंठे गीता पाठ' नाम से आयोजित यह कार्यक्रम सनातन संस्कृति संसद की ओर से कराया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों से जुड़े साधु-संत शामिल हैं। अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि गीता केवल हिंदुओं के लिए नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों के लिए है।

### धार्मिक ग्रंथों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा मिलेगा

आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मकसद बंगाल की आध्यात्मिक विरासत को याद करना और धार्मिक ग्रंथों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। इसे राज्य ही नहीं, शायद देश में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक गीता पाठ माना जा रहा है। कार्तिक महाराज ने कहा, विभाजन के माहौल में आध्यात्मिक साधना शांति और दिशा दे सकती है।



आयोजक बोले- सामाजिक सद्भाव बढ़ाना मकसद

कोलकाता में गीता पाठ कार्यक्रम में शामिल लाखों लोग। ब्रिगेड परेड मैदान में साधु-संतों ने जगाई अलख।

### कार्यक्रम का नेतृत्व गीता मनीषी महामंडल के स्वामी ज्ञानानंदजी ने किया

सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन मेडिकल सेवाओं की विस्तृत व्यवस्था की गई है। 3 बड़े मंच बनाए गए हैं और कोलकाता के मध्य क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।आध्यात्मिक कार्यक्रम का नेतृत्व गीता मनीषी महामंडल के स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज कर रहे हैं, जबकि योग गुरु बाबा रामदेव सहित कई प्रमुख साधुओं को भी आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन तब हो रहा है, जब एक दिन पहले हुमायूं कबीर ने 'बाबरी मस्जिद-शैली' की मस्जिद की आधारशिला रखी। दिसंबर 2023 में 'एक लाख कंठों' का गीता पाठ आयोजित किया गया था। यह लोकसभा चुनावों से पहले आयोजित किया गया था।

### तो कहीं नब्बे के दशक का इतिहास रिपीट न हो जाए: संजय

शिवसेना नेता संजय निरुपम ने चेतावनी जारी की। इस तरह के कदम चुनावी माहौल को और संवेदनशील बना सकते हैं।



'एक्स' पर संजय निरुपम ने बंगाल में जो लोग बाबरी मस्जिद बना रहे हैं, वे आग से खेल रहे हैं। भगवान राम और आक्रमणकारी बाबर को एक तराजू पर नहीं तौला जा सकता। जब हिंदू भावनाएं भड़केंगी तो कहीं नब्बे के दशक का इतिहास रिपीट न हो जाए। ममता बेनर्जी समय रहते इस आग को बुझाएं, वरना उनकी पार्टी भी इसके लपेटे में आ जाएगी।

हुमायूं कबीर का ऐलान

### एक लाख लोगों के साथ हम करेंगे कुरान का पाठ



टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने कहा है कि वे फरवरी में एक लाख लोगों के साथ 'कुरान ख्वानी' (कुरान का पाठ करना) का आयोजन करेंगे। इसमें शामिल होने वाले सभी लोगों को मांस और चावल का भोज देंगे। इसके बाद बाबरी मस्जिद को बनाने का काम शुरू होगा।

### एआईएमआईएम के साथ लड़ेंगे चुनाव

कबीर ने कहा कि वह 22 दिसंबर को अपनी पार्टी बनाएंगे और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

कार्यक्रम में धीरेंद्र शास्त्री की हुंकार

## भारत में हम तनानती नहीं, सनातनी चाहते हैं



इस गीता पाठ में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सनातन एकता इस देश और विश्व के लिए विश्व शांति का सबसे बड़ा साधन है। भारत में हम सनातनी चाहते हैं, तनातनी नहीं। शास्त्री ने कहा कि बंगाल की पावन धरती कोलकाता में 5 लाख लोगों ने एक साथ गीता का पाठ किया। आस्था का उत्साह और सैलाब देखकर ऐसा लगा जैसे कोलकाता में महाकुंभ मेला लगा हो। शास्त्री ने कहा कि सनातन एकता ही इस देश और विश्व शांति का बड़ा माध्यम है। भारत में हम 'गजवा-ए-हिंद' नहीं, 'भगवा-ए-हिंद' चाहते हैं। गीता एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसके माध्यम से पूरे विश्व में सामाजिक समरसता और एकता का भाव जागृत किया जा सकता है। गीता का ज्ञान महान है। गीता भारत की शान है और गीता ही भारत का स्वाभिमान है।

### हमारे भगवान राम पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता

हमारे भगवान राम पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। अगर हमारे मंदिर बनने पर कोई टिप्पणी करता है, तो अहंकार उजागर हो जाएगा।

### आज बंगाल काम करने के लिए तैयार: राज्यपाल



राज्यपाल सीवी आनंद बोस सामूहिक गीता पाठ के आयोजन पर उपस्थित हुए। उनके मुंह से गीता के शब्द सुनाई दिए। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण ने बार-बार अर्जुन से कहा कि अर्जुन अपना काम करो और आज बंगाल काम करने के लिए तैयार है। राज्यपाल ने कहा कि जब युवा पीढ़ी के लोग गीता का पाठ करना चाहते हैं, तो यह राष्ट्रीय गौरव का विषय बन जाता है।

## खबर संक्षेप

### 29,000 छात्र सार्वजनिक जीवन में आएं: गोयल

**नोएडा।** एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा के वार्षिक दीक्षांत समारोह में केंद्रीय



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विवि का सबसे बड़ा योगदान प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने 29,000 छात्रों से सार्वजनिक जीवन में आने की बात भी कही।

### 24 रुपए रिफंड के फेर में गंवाए 87 हजार

**अहमदाबाद।** यहां एक महिला को 24 रुपए के रिफंड के चक्कर में



करीब 87 हजार रुपए का नुकसान हो गया। चांदखेडा क्षेत्र की महिला ने जेप्टो से सब्जियां ऑर्डर की थीं, लेकिन छोटे बैंगन की जगह बड़े बैंगन मिलने पर वापसी की कोशिश की। सारी डिटेल दे दी।

### हवाई किराए पर नियंत्रण स्वागत योग्य: चिदंबरम

**नई दिल्ली।** इंडिगो उड़ानों में किराए पर नियत्रंण लगाने का



फैसला किया है। इस कदम का स्वागत करते हुए कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि जब तक एयरलाइन सेक्टर में केवल दो बड़ी कंपनियों का दबदबा है, तब तक किराए पर नियंत्रण जारी रहना चाहिए।

## शाह ने गुजरात में बायो-सीएनजी और उर्वरक संयंत्र का किया लोकार्पण

नए डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर की रखी नींव

# डेयरी क्षेत्र के लिए कई योजनाएं चल रहीं, इस उद्योग को मिलेगी मजबूती

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के वाव-थराड़ क्षेत्र में बनास डेयरी द्वारा स्थापित नए बायो-सीएनजी और उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने 150 टन प्रतिदिन क्षमता वाले दूध पाउडर संयंत्र की आधारशिला भी रखी। इस कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता, जिनमें गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी और सहकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर तथा मुरलीधर मोहोल उपस्थित रहे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्वेत क्रांति 2.0 के तहत डेयरी क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन, पशुपालन अवसंरचना विकास निधि, संशोधित राष्ट्रीय डेयरी योजना और राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम जैसी बड़ी योजनाएं प्रारंभ की हैं, जो देश के डेयरी उद्योग को नई मजबूती प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि बनास डेयरी का बायो-सीएनजी मॉडल देशभर की अन्य सहकारी समितियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

गुजरात के वाव-थराड़ क्षेत्र को दी सौगात



कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करते गृहमंत्री शाह

### उन्होंने 150 टन प्रतिदिन क्षमता वाले दूध पाउडर संयंत्र की आधारशिला भी रखी

### गोबर और डेयरी अपशिष्ट से किसानों की आय बढ़ेगी

इससे गोबर और डेयरी अपशिष्ट से जैव-उर्वरक, बायोगैस और बिजली तैयार होगी और किसानों की आय में कम से कम 20 प्रतिशत तक वृद्धि संभव होगी। शाह ने यह भी घोषणा की कि अब सहकारी डेयरियां अपना पशु-चारा स्वयं तैयार करेंगी ताकि लाभ सीधे किसानों तक पहुंचे। उन्होंने अमूल को उच्च मूल्य वाले डेयरी उत्पादों की सूची भी भेजी है, ताकि वैश्विक बाजार में उनकी हिस्सेदारी बढ़ाई जा सके। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने बीज, जैविक उत्पाद और कृषि निर्यात के लिए तीन नए राष्ट्रीय स्तर के सहकारी संगठन बनाए हैं तथा तीन बहुराज्यीय डेयरी सहकारी समितियों को भी स्थापित किया है।

### बनास डेयरी के लिए महिलाओं को दिया श्रेय

शाह ने बताया कि बनास डेयरी का कारोबार अब 24,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है और इस सफलता का बड़ा श्रेय बनासकांठा की महिलाओं को जाता है, जिन्होंने दूध संग्रह और सहकारी मॉडल को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया है। देशभर के लगभग 250 डेयरी अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक जनवरी में बनासकांठा का दौरा करेंगे ताकि इस सहकारी मॉडल को करीब से समझ सकें। नर्मदा और माही नदियों से जल लाने वाली परियोजनाओं के कारण बनासकांठा में बड़ा परिवर्तन आया है।

### यह 400 रुपए से शुरू होकर 24 हजार करोड़ के कारोबार तक पहुंची

शाह ने एशिया की सबसे बडी बनास डेयरी को सहकारिता का सफल माडल बताते हुए कहा कि यह डेयरी 400 रुपए से शुरू होकर 24 हजार करोड़ के कारोबार तक पहुंची है। यह सफलता किसानों और पशुपालकों की मेहनत का परिणाम है।शाह ने विश्वास जताया कि आगामी पांच वर्षों में पशुपालकों की आय में 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी।शाह ने शनिवार को बनास डेयरी के अध्यक्ष एवं गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी के साथ कई कार्यक्रमों में शिरकत की और बनास डेयरी की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।



नागरिकों से मिलते गृहमंत्री शाह

### मिलकर काम करने का आह्वान किया

उन्होंने श्वेतक्रांति 2.0 को सफल बनाने और 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। शाह ने वाव-थराद जिले के सणादर डेयरी में बनास रेडियो स्टेशन, पोटैटो प्लांट और आइसक्रीम प्लांट का निरीक्षण किया।

### दुग्ध समितियों में माइक्रो-एटीएम स्थापित किए गए

उन्होंने बताया कि गांव-गांव की दूध समितियों में माइक्रो-एटीएम स्थापित कर दिए गए हैं और भविष्य में इनके माध्यम से अन्य वित्तीय सेवाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी। कार्यक्रम के दौरान शाह ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी और सरदार वल्लभभाई पटेल के सहकारी आंदोलन में योगदान को भी याद किया।

### राजस्थान में पहली बार कानून लागू



फाइल फोटो।

## अगर शव रखकर प्रदर्शन किया तो अब होगी पांच साल जेल

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में अब मृतक शरीर को रखकर विरोध प्रदर्शन करना, लाश पर राजनीति करना और बिना वजह अंतिम संस्कार में देरी करना अपराध माना जाएगा। राज्य सरकार ने पूर्व कांग्रेस शासन में पारित 'मृतक शरीर सम्मान कानून' के नियम बिना किसी संशोधन के लागू कर दिए हैं। नियम लागू होने के बाद अब इस कानून के तहत सीधे कार्रवाई की जा सकेगी। 20 जुलाई 2023 को पिछली गहलोत सरकार के दौरान यह बिल पारित हुआ था। 17 अगस्त 2023 को राज्यपाल की मंजूरी के बाद 18 अगस्त 2023 से यह कानून प्रभावी हो गया था, लेकिन इसके नियम जारी नहीं हुए थे। उस समय विपक्ष में रही बीजेपी ने इस कानून का कड़ा विरोध किया था। अब सत्ता में आने के बाद बीजेपी सरकार ने बिना बदलाव किए ही इसके नियम अधिसूचित कर दिए हैं।

### परिजनों पर हो सकेगी कार्रवाई

अगर परिजन राजनीतिक या सामाजिक दबाव के लिए डेड बॉडी नहीं उठाते, तो उन्हें भी सजा मिलेगी। किसी भी नेता, संगठन या गैर-परिजन द्वारा शव के साथ विरोध करने पर भी 5 साल तक की सजा का प्रावधान है।

नियम अधिसूचित होने के बाद अब इस कानून के दायरे में परिजन, नेता और मामले से जुड़े सभी व्यक्ति आ जाएंगे। डेड बॉडी का उपयोग कर विरोध, राजनीति या सार्वजनिक व्यवस्था बाधित करने की किसी भी कोशिश पर सीधे कार्रवाई की जा सकेगी।

### अंतिम संस्कार 24 घंटे के अंदर करना अनिवार्य

नियमों के अनुसार मृतक का अंतिम संस्कार 24 घंटे के अंदर करना अनिवार्य होगा। देरी सिर्फ मृतक के परिजन बाहर से आ रहे हों या फिर पोस्टमॉर्टम आवश्यक हो इन्हीं परिस्थितियों में ही मान्य होगी, अन्यथा पुलिस मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर अंतिम संस्कार करवा सकेगी। नए प्रावधानों के अनुसार डेड बॉडी रखकर प्रदर्शन करने, सड़क जाम करने या लाश के जरिए दबाव बनाने पर 1 से 5 वर्ष तक की जेल और जुर्माना लगेगा।

### तिवारी ने संसद में गैर सरकारी विधेयक प्रस्तुत किया

सांसदों को अपने विवेक से वोट का हक मिले

## पार्टी लाइन से हटकर वोट देने की आजादी होनी चाहिए, 'व्हिप' से मुक्ति भी मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में एक विधेयक पेश किया है, जिसमें अच्छे कानून बनाने के लिए संसद सदस्यों को व्हिप के झंझट से मुक्ति दिलाने की मांग रखी गई है। इसमें विधेयकों और प्रस्तावों पर स्वतंत्र रूप से मतदान की इजाजत देने का अनुरोध किया गया है। तिवारी ने कहा कि इस विधेयक का मकसद यह पता लगाना है कि लोकतंत्र में प्राथमिकता किसकी होनी चाहिए- वह मतदाता जो अपने प्रतिनिधि को चुनने के लिए घंटों धूप में खड़ा होता है या वह राजनीति, जिसके व्हिप का पालन करने के लिए प्रतिनिधि मजबूर हो जाता है।



### वंदे मातरम पर आज होगी चर्चा

वंदे मातरम पर संसद में सोमवार को होने वाली चर्चा को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला हैऔर दावा किया है कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू एक्सपोज हो जाएंगे।

### उद्देश्य भी बताया

तिवारी ने कहा कि इसका उद्देश्य संसद सदस्यों को अविश्वास और विश्वास प्रस्तावों जैसे सरकार की स्थिरता से जुड़े प्रस्तावों, स्थगन प्रस्ताव, वित्त विधेयकों और वित्तीय मामलों को छोड़कर अन्य विधेयकों व प्रस्तावों पर स्वतंत्र रूप से मतदान करने की स्वतंत्रता देना है। सांसदों को विवेक, क्षेत्र के लोगों औरसमझ के आधार पर फैसले लेने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए।

### भारत मंडपम में 2 दिनी राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री खट्टर

# एआई और मशीन लर्निंग देश के विद्युत नेटवर्क को बदल देगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) तकनीकें आने वाले समय में भारत के विद्युत वितरण तंत्र को पूरी तरह बदल देंगी। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 2 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने बताया कि ये तकनीकें बिजली नेटवर्क को अधिक स्मार्ट, उपभोक्ता-केंद्रित और स्वयं अनुकूल बनने में मदद करेंगी। उनके अनुसार एआई और मशीन लर्निंग से विद्युत व्यवस्था न केवल तेज होगी, बल्कि उपभोक्ताओं का अनुभव भी बेहतर होगा। खट्टर ने "स्टैलर" नामक संसाधन पर्याप्तता योजना उपकरण को भी लॉन्च किया, जिसे केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने तैयार किया है।

स्टैलर संसाधन पर्याप्तता योजना भी लॉन्च

## विद्युत व्यवस्था होगी तेज और उपभोक्ताओं का अनुभव भी बेहतर होगा



### कटौतियां कम होंगी और लागत में भी कमी आएगी

खट्टर ने बताया कि स्मार्ट मीटर विश्लेषण, डिजिटल ट्विन, प्रिडिक्टिव मेंटेनेंस, बिजली चोरी का पता लगाने वाली प्रणाली, उपकरण-स्तर की बिजली खपत की जानकारी, आउटेज पूर्वानुमान और जनरेटिव-एआई आधारित निर्णय-सहायता जैसे समाधानों से वितरण कंपनियों की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ सकती है। इन तकनीकों के इस्तेमाल से उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय बिजली मिलेगी।

### गलतफहमियों और अफवाहों से दूर रहें

खट्टर ने सभी वितरण कंपनियों, तकनीकी भागीदारों, नवाचारकर्ताओं और शैक्षणिक संस्थानों से मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों को लेकर फैल रही गलतफहमियों और अफवाहों को दूर करना जरूरी है।

### एमपी ईस्ट'डिसकॉम' श्रेणी में विजेता बना

इस सम्मेलन में राष्ट्रीय नवाचार चुनौती के तहत 195 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें वितरण कंपनियां, एडवांस मीटरिंग सेवा प्रदाता, टेक्नोलॉजी कंपनियां और होम-ऑटोमेशन संस्थाएं शामिल थीं। कई चरणों की जांच के बाद तमिलनाडु की टीएनपीडीसीएल और मध्य प्रदेश की एमपी ईस्ट को 'डिसकॉम' श्रेणी में विजेता चुना गया।

## खबर संक्षेप



### कोहली और वाशिंगटन ने की सिंहाचलम मंदिर में पूजा

**विशाखापत्तनम।** विराट कोहली, उनके परिवार के सदस्यों और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के अधिकारियों ने कोहली और उनके परिवार का स्वागत किया और उन्हें दर्शन के लिए ले गए। दर्शन करने से पहले उन्होंने पारंपरिक कप्पस्थम्भम अलिंगनम (पवित्र स्तंभ को गले लगाना) अनुष्ठान में भाग लिया। अधिकारी ने बताया, ''कोहली अपने परिवार के सदस्यों और भारतीय टीम के अपने कुछ साथियों के साथ मंदिर में दर्शन करने के लिए आए थे।'

### डीआरएस लेने में मेरा आकलन सही नहीं: कुलदीप

**विशाखापत्तनम।** स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के मामले में उनका आकलन सही नहीं होता है। उन्होंने यह बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां खेले गए तीसरे वनडे के दौरान सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ डीआरएस को लेकर मजाकिया बातचीत के संदर्भ में कही, जिसकी काफी चर्चा हो रही थी। पहली स्लिप में क्षेत्ररक्षण करते हुए रोहित ने कुलदीप को अपील करने और कप्तान केएल राहुल पर डीआरएस लेने का दबाव बनाने से रोकने के लिए कम से कम तीन बार हस्तक्षेप किया और इस दौरान वह मुस्कुरा रहे थे।



### नामीबिया क्रिकेट टीम के सलाहकार बने कर्स्टन

**नई दिल्ली।** भारत की विश्व कप विजेता टीम के मुख्य कोच रहे गैरी कर्स्टन को नामीबिया की राष्ट्रीय पुरुष टीम का सलाहकार नियुक्त किया गया है और वह अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में मुख्य कोच क्रेग विलियम्स के साथ काम करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का यह टूर्नामेंट अगले साल फरवरी और मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। कर्स्टन ने कहा, 'क्रिकेट नामीबिया के साथ काम करना वास्तव में सौभाग्य की बात है। उनका नया अत्याधुनिक क्रिकेट स्टेडियम इस बात का प्रमाण है कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उनकी राष्ट्रीय टीमें विश्व के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करें।'



### युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन अविश्वसनीय: गंभीर



**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव टीम के लिए काफी मायने रखता है लेकिन इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अविश्वसनीय रहा है। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एकदिवसीय श्रृंखला में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया जबकि रोहित में दो अर्धशतक जमाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। गंभीर ने उम्मीद जताई कि दोनों दिग्गज खिलाड़ी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने तीसरे और अंतिम वनडे में भारत की नौ विकेट से जीत के बाद कहा, 'वे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मैंने कई बार कहा है कि वे विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। वे इस प्रारुप के बेहतरीन खिलाड़ी हैं और ड्रेसिंग रूम में उनका अनुभव वास्तव में बहुत मायने रखता है।' उन्होंने कहा, 'वे वही कर रहे हैं, जो वे करते रहे हैं। वे भारतीय क्रिकेट के लिए इतने लंबे समय से ऐसा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे।'



# मेस्सी ने दिखाया दम, मुलर पर पड़े भारी, इंटर मियामी ने जीता एमएलएस कप का खिताब

एजेंसी ▶▶ फोर्ट लॉडरडेल

थॉमस मुलर ने लियोनेल मेस्सी के साथ लंबे समय से चली आ रही अपनी प्रतिद्वंद्विता में अक्सर बाजी मारी है लेकिन मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल प्रतियोगिता के खेले गए फाइनल में अर्जेंटीना की स्टार की तूती बोली। अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप से पहले लियोनल मेसी ने एक बार फिर अपना दम दिखाया और इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल मुकाहला सिर्फ इंटर मियामी और वैंकूवर व्हाइटकैप्स के बीच ही नहीं था, बल्कि जर्मनी के स्टार फुटबॉलर थॉमस मुलर और अर्जेंटीना के मेसी के बीच भी एक जंग थी।



### इंटर मियामी की जीत में चमके मेस्सी

मेस्सी ने 72वें मिनट में रोड्रिगो डी पॉल को गेंद देकर गोल करने में मदद की। इसके बाद उन्होंने स्टॉपेज टाइम में एक और गोल करने में योगदान देकर इंटर मियामी को फ्रेंचाइजी इतिहास में पहली बार चैंपियनशिप दिलाई। मेसी और मुलर दोनों ही विश्व कप और चैंपियंस लीग विजेता हैं। दोनों क्लब विश्व कप विजेता भी हैं। मेसी ने मैच के बाद कहा, तीन साल पहले मैंने एमएलएस में आने का फैसला किया और आज हम एमएलएस चैंपियन हैं। पिछले साल हम लीग में जल्दी बाहर हो गए थे लेकिन इस साल एमएलएस जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य था।

### मेसी ने कॅरियर की 47वीं ट्रॉफी जीती

मुलर और मेस्सी के बीच हुए 10 मुकाबलों में से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेसी और अर्जेंटीना को बाहर किया है। लेकिन एमएलएस के फाइनल में अर्जेंटीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेसी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया।

ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की एशेज सीरीज में 2-0 से बनाई बढ़त

# ब्रिस्बेन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का जलवा इंग्लैंड को दी 8 विकेट से करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट के चौथे दिन जीत के लिए 65 रन का लक्ष्य महज 10 ओवर में हासिल करते हुए इंग्लैंड को 8 विकेट से हराकर एशेज श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। चौथा दिन दोनों टीम के कप्तान के इर्द गिर्द रहा। इंग्लैंड ने जहां बेन स्टोक्स (50 रन) के अर्धशतक से दूसरी पारी में 241 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने एक शानदार कैच लेकर मैच का रुख बदला और फिर विजयी रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में आगे किया। ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की, जिसमें स्मिथ ने जोफ्रा आर्चर के एक बाउंसर से बचने के बाद उन्हें और तेज गेंदबाजी करने को कहा। फिर उन्होंने बाउंड्री लगाकर अगली गेंद पर छक्का जड़ा और गाबा में 1,000 टेस्ट रन पूरे किए। ऑस्ट्रेलियाई टीम तब दो विकेट पर 63 रन पर थी और जीतने के लिए सिर्फ दो रन चाहिए थे तो स्मिथ ने छक्का लगाकर मैच खत्म किया। वह नौ गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। जेक वेदरल्ड 17 रन बनाकर नाबाद रहे। गस एटकिंसन ने ट्रेविस हेड (22) और मार्नस लाबुशेन (3) के विकेट लिए।

- स्मिथ ने गाबा में पूरे किए 1 हजार टेस्ट रन




### इंग्लैंड की हार के लिए रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार

*इंग्लैंड की हार के लिए कुछ रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार रहे, जिसमें गेंदबाजी आक्रमण की लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफलता, कैच छोड़ने तथा फिर से तेजी से खेलते हुए रन बनाने की कोशिश में विकेट गंवाने के लिए टीम की काफी आलोचना हुई है। स्टोक्स ने हालांकि संयम से खेलते हुए इंग्लैंड को बढ़त दिलाई लेकिन यह बहुत कम थी। इंग्लैंड के कप्तान ने 'बैजबॉल' की आक्रामक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाते हुए टीम की एशेज संभावनाओं को फिर से जीवित करने की कोशिश की। इंग्लैंड ने सुबह छह विकेट पर 134 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कसी लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी की ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को शॉट खेलने के लिए उकसाया जा सके। स्टोक्स और विल जैक्स (41) ने पहले सत्र में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। यह इंग्लैंड की हमेशा हर कीमत पर आक्रामक खेलने वाली मानसिकता से बिल्कुल अलग तरीका था क्योंकि इसकी पहले काफी आलोचना हुई थी।*

### आर्चर और स्मिथ के बीच हुई बहस

*ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के नौवें ओवर में स्मिथ ने आर्चर की गेंद को लेग साइड में जोरदार पुल करके चौका मारा। ये शॉट इतने स्टाइल में था कि आर्चर को गुस्सा आ गया। अगली ही गेंद पर आर्चर ने 150 किमी/घंटे से ऊपर की रफ्तार वाली उछाल भरी गेंद फेंकी। स्मिथ अपर-कट मारने से चूक गए तो आर्चर उनके करीब आए और जोर-जोर से उन्हें कुछ बोलने लगे। स्मिथ बिल्कुल नहीं डरे नहीं। अगली दो गेंदों में ही उन्होंने आर्चर के 155 किमी/घंटे वाले बॉल पर 10 रन ठोक दिए। इसमें एक जोरदार छक्का भी शामिल था। छक्का मारने के बाद स्मिथ मुस्कुराते हुए आर्चर के पास गए और बोले, कुछ हो नहीं रहा होता तब ही तेज गेंद फेंकते हो यार!*

### माइकल नेसर ने लिए पांच विकेट

इंग्लैंड ने 17 रन पर चार विकेट गंवा दिए और दूसरी पारी में 241 रन पर ऑल आउट हो गई। माइकल नेसर ने पांच विकेट लिए। स्टोक्स ने 148 गेंद में अपने 50 रन पूरे किए, जो उनके करियर का दूसरा सबसे धीमा अर्धशतक था। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला का पहला टेस्ट दूसरे दिन ही जीत लिया था। दूसरा टेस्ट कम से कम चौथे दिन तक चला। अब तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में शुरू होगा और एशेज वापस पाने के लिए इंग्लैंड को जीत की जरूरत है। चौथा टेस्ट 'बॉक्सिंग डे' पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुरू होगा और सिडनी चार जनवरी से पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की बात करें तो इंग्लैंड की दूसरी इनिंग में माइकल नेसर ने सबसे शानदार गेंदबाजी की और 16.2 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। उनके अलावा मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट और ब्रैंडन डॉकेट ने एक विकेट लिया। बता दें कि पहली पारी में मिचेल स्टार्क ने 6 विकेट अपने नाम किए थे।



आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल

# सिमरनप्रीत ने स्वर्ण जीता ऐश्वर्य और अनीष को रजत

भाषा ▶▶ दोहा

युवा सिमरनप्रीत कौर बरार ने रविवार को यहां मुश्किल मुकाबले में जीत हासिल करके महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अपने पदार्पण में रजत पदक अपने नाम किया। विश्व चैंपियनशिप की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल स्पर्धा के रजत पदक विजेता अनीश भानवाला ने भी साल का अंत शानदार तरीके से किया और दूसरा स्थान हासिल किया। जिससे भारत के पदकों की संख्या छह हो गई जिसमें दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। दूसरे दिन भी शानदार प्रदर्शन के साथ भारत ने पदक तालिका में चीन के बाद दूसरा स्थान बनाए रखा। चीन के पास तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक हैं।

इस साल की शुरुआत में लीमा में विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली सिमरनप्रीत के पिता ने अपनी बेटी के लिए सरकारी नौकरी छोड़ दी थी। इस निशानेबाज ने फाइनल में 41 का शानदार स्कोर बनाकर अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की और अपने माता-पिता को फक्र महसूस कराया। उन्होंने साथ ही विश्व जूनियर रिकॉर्ड की बराबरी भी की।



आठ निशानेबाजों के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी भारतीय ईशा सिंह सातवें स्थान पर रहीं।

ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर क्वालिफिकेशन दौर में 581 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। क्वालिफिकेशन दौर में 21 साल की सिमरनप्रीत ने 585 के स्कोर से पांचवें स्थान से जबकि ईशा ने 585 के स्कोर से चौथे स्थान से फाइनल में जगह बनाई।

सिमरनप्रीत ने धीमी शुरुआत की जिसमें वह पहले पांच शॉट की सीरीज में तीन निशाने चूक गईं और आठवें (अंतिम) स्थान पर खिसक गईं। लेकिन उसके बाद उन्होंने वापसी की और तीन परफेक्ट '5' के शॉट लगाकर चीन की शीर्ष निशानेबाज और मौजूदा 10 मीटर एयर पिस्टल विश्व चैंपियन याओ कियानक्सुन (36 अंक से रजत) और जर्मनी की पूर्व विश्व चैंपियन डोरेन वेनेकैंप (कांस्य पदक) को पीछे छोड़ दिया।

### दिल्ली सरकार प्रतीका को देगी 1.5 करोड़ का पुरस्कार



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महिला क्रिकेटर प्रतीका रावल से अपने आवास पर मुलाकात की और दिल्ली सरकार की ओर से उन्हें 1.5 करोड़ रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की। रावल ने हाल में समाप्त हुए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में 308 रन बनाए। वह लौरा वोल्वार्ड्ट (571), स्मृति मंधाना (434) और एशले गार्डनर (328) के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर थीं। दिल्ली की यह क्रिकेटर बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम ग्रुप लीग मैच के दौरान चोटिल हो गई थी, जिसके कारण वह सेमीफाइनल और फाइनल में नहीं खेल सकी थी। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार आईसीसी खिताब जीता।

गुवाहाटी मास्टर्स

## 19 वर्षीय सारस्वत ने जीता सुपर 100 का खिताब




एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

राजस्थान के संस्कार सारस्वत ने गुवाहाटी मास्टर्स के पुरुष एकल फाइनल में मिथुन मंजूनाथ को तीन गेम में हराकर अपना पहला सुपर 100 खिताब जीता। जोधपुर के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने स्मैश की बौछार करके पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मंजूनाथ को 21-11, 17-21, 21-13 से हराया। भारतीय खिलाड़ियों के बीच यह फाइनल 50 मिनट तक चला। हालांकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा को महिला एकल फाइनल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग से 18-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह उप विजेता रहीं। पंजाब की 16 साल की खिलाड़ी पिछले हफ्ते सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक भी एकतरफा फाइनल में मलेशिया के कांग खाई जिंग और आरोन ताई की छठी वरीय जोड़ी से 13-21 18-21 से हारने के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

- गुवाहाटी मास्टर्स में तन्वी रहीं उप विजेता

### पैर पर टेप लगाकर खेलते हुए सारस्वत ने बनाई बढ़त

सारस्वत ने पिछले साल बेंगलुरु में अर्श मोहम्मद के साथ अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय युगल खिताब जीता था और इससे पहले जूनियर एकल का खिताब भी जीता था। यह जोड़ी पिछले साल सितंबर में 31वें स्मिट कृष्णा खेतान मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर-19 इवेंट में उपविजेता भी रही थी। अपने दाहिने पैर पर टेप लगाकर खेलते हुए सारस्वत पहले गेम के शुरू में बढ़त बनाए थे। लेकिन मंजूनाथ ने 7-7 की बराबरी हासिल की। दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की गलतियों का फायदा उठाया। सारस्वत ने ब्रेक तक 11-9 की मामूली बढ़त बनाई हुई थी लेकिन आक्रामक शॉट्स लगाकर इसे 14-10 तक बढ़ा दिया। मंजूनाथ अपने प्रतिद्वंद्वी के क्रॉस-कोर्ट और डाउन-द-लाइन स्मैश को समझने में संघर्ष कर रहे थे, जिससे सारस्वत नौ गेम प्वाइंट तक पहुंच गए और आसानी से पहला गेम जीत लिया।

## जूनियर हॉकी विश्व कप: जर्मन दीवार को नहीं भेद सकी भारतीय टीम

### कांस्य पदक के लिए अर्जेंटीना से खेलेगी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

लचर डिफेंस और पहले ही हाफ में तीन गोल गंवाने का खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा जब सात बार की चैम्पियन जर्मनी ने जूनियर हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में रविवार को मेजबान को 5-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।अब भारतीय टीम 10 दिसंबर को कांस्य पदक के मुकाबले में अर्जेंटीना से खेलेगी जिसे स्पेन ने दूसरे सेमीफाइनल में 2-1 से हराया। जर्मनी के लिये लुकास कोसेल (14 वां और 30 वां मिनट) ने दो, वेक्स टाइटस (15वां), जोनास वोन गरसम (40 वां) और बेन हासबाश (49वां) ने गोल दागे जबकि भारत के लिये एकमात्र गोल अनमोल इक्का ने 51वें मिनट में किया। दो बार की चैम्पियन भारतीय टीम और जर्मनी के प्रदर्शन में जमीन आसमान का अंतर था जो मैच के हर क्षण में नजर आया। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर भारी तादाद में भारत की हौसलाअफजाई करने आये दर्शकों को इस प्रदर्शन से भारी निराशा हाथ लगी। बेल्जियम को कड़े क्वार्टर फाइनल में शूट आउट में हराने वाली भारतीय टीम पर पहले ही क्वार्टर में ही जर्मनी ने दो गोल करके दबाव बना दिया। अपनी सटीक पासिंग के दम पर जर्मन टीम ने पहले तीन मिनट में ही जस्टस वारवेग की अगुवाई में भारतीय गोल पर तीन बार हमले बोले। जर्मनी को 14वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे बाद में पेनल्टी स्ट्रोक में तब्दील किया गया जिस पर लुकास ने आसान गोल दागा। पहला क्वार्टर खत्म होने में सात सेकंड बाकी थे तब भारतीय डिफेंडरों की सुस्ती का फायदा उठाकर कोच जोहानेस शिमत्ज की जर्मन टीम में बढत दुगुनी कर ली। गेंद जर्मन हाफ में ही थी जब एन किरिन ने सर्कल के बाहर दाहिनी ओर सटीक पास दिया और बीच में खड़े भारतीय डिफेंडरों को छकाते हुए वारवेग ने गेंद टाइटस को बायें फ्लैंक पर दी।

11 जून से 19 जुलाई तक होगा फुटबॉल का महासंग्राम

# फीफा वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान, टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी 48 टीमें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया, जिसकी शुरुआत 11 जून से होगी। इस बार इस वर्ल्ड कप में कुल 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं और वॉशिंगटन डीसी के कैनेडी सेंटर में फीफा वर्ल्ड कप ड्रॉ का आयोजन किया गया। इस दौरान 12 ग्रुप में कौन-कौन सी टीमें होंगी इसकी भी घोषणा कर दी गई।

### खेले जाएंगे 104 मुकाबले

फीफा विश्व कप 2026 का आयोजन इस बार अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होगा और ये टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक खेला जाएगा। इस बार 16 नई टीमें जुड़ रही हैं, जिससे टीमों की कुल संख्या 48 हो गई है। कतर में खेले गए पिछले विश्व कप में टीमों की संख्या 32 थी और पिछली बार 64 मुकाबले हुए थे तो वहीं इस बार कुल 104 मैच खेले जाएंगे। ज्यादातर मैच अमेरिका में होंगे और फाइनल न्यूयॉर्क के मेटलाइफ स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।



### डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना का पहला मैच अल्जीरिया के साथ

फीफा विश्व कप 2026 का पहला मैच मैक्सिको और साउथ अफ्रीका के बीच एस्टाडियो अज्टेका में खेला जाएगा तो वहीं डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना विश्व कप अपने पहले मैच में अल्जीरिया से भिड़ेगी। इन दोनों टीमों को ऑस्ट्रिया और जॉर्डन के साथ ग्रुप जे में रखा गया है। मौजूदा फुटबॉल वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना और प्रमुख दावेदार स्पेन और इंग्लैंड को 2026 वर्ल्ड कप के लिए आसान ग्रुप मिले। वहीं फ्रांस को मुश्किल ग्रुप मिला। फुटबॉल के दो सबसे बड़े सुपरस्टार किलियन एमबापे (फ्रांस) और एर्लिंग हालैंड (नॉर्वे) की टीम एक ही ग्रुप का हिस्सा है। यूरोपीय चैंपियन स्पेन ग्रुप एच में केप वर्डे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

### वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली टीमों के ग्रुप

- ग्रुप ए: मेक्सिको, साउथ अफ्रीका, साउथ कोरिया, यूईएफए प्लेऑफ डी
- ग्रुप बी: कनाडा, यूईएफए प्लेऑफ ए, कतर, स्विट्जरलैंड
- ग्रुप सी: ब्राजील, मोरक्को, हैती, स्कॉटलैंड
- ग्रुप डी: यूएसए, पैराग्वे, ऑस्ट्रेलिया, यूईएफए प्लेऑफ सी
- ग्रुप ई: जर्मनी, कुराओ, आइवरी कोस्ट, इक्वाडोर
- ग्रुप एफ: नीदरलैंड, जापान, यूईएफए प्लेऑफ बी, ट्यूनीशिया
- ग्रुप जी: बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड
- ग्रुप एच: स्पेन, केप वर्डे, सऊदी अरब, उरुग्वे
- ग्रुप आई: फ्रांस, सेनेगल, फीफा प्लेऑफ 2, नॉर्वे
- ग्रुप जे: अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया, जॉर्डन
- ग्रुप के: पुर्तगाल, फीफा प्लेऑफ 1, उज्बेकिस्तान, कोलंबिया
- ग्रुप एल: इंग्लैंड, क्रोएशिया, घाना, पनामा




पाकिस्तान की सीमा पर फिर 'नापाक' हरकत

# एलओसी पर 68 टेररिस्ट लॉन्चपैड सक्रिय 120 आतंकी भारत में घुसने की तैयारी में

## सीमा पर नाइट विजन कैमरे और ड्रोन से निगरानी बढ़ाई

संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया

सीमा से लगे गांवों और आगे की चौकियों में भी गश्त बढ़ा दी गई

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

आतंकियों को पनाह देने, उन्हें फंडिंग करने और अपने यहां प्रशिक्षण देने के मामले में पाकिस्तान को भारत कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेनकाब कर चुका है। बावजूद इसके पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। ताजा घटनाक्रम में खुफिया एजेंसियों को यह जानकारी मिली है कि जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्चपैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी सेक्टरों में निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि आतंकी सीमा के करीब भी न पहुंच सकें।



सीमा पर निगरानी करते सुरक्षा बल के जवान फाइल फोटो

### घुसपैठ की कोशिश करें नाकाम

खुफिया तंत्र से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी लगातार एलओसी की ओर भेजा जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं। सभी सीमा सुरक्ष बलों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हर घुसपैठ की कोशिश को सीमा पर ही रोक दिया जाए। सीमा से लगे गांवों और आगे की चौकियों में भी गश्त बढ़ा दी गई है। फील्ड यूनिट्स को अधिक सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध हरकत पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। घुसपैठ रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने अपनी काउंटर-इनफिल्ट्रेशन ग्रिड को और मजबूत किया है। सीमा पर अब नाइट विजन कैमरे, ड्रोन निगरानी, थर्मल सेंसर, ग्राउंड सेंसर, बढ़ी हुई पेट्रोलिंग और अतिरिक्त जवानों की तैनाती कर दी गई है।

### 118 चौकियां तबाह कर चुका भारत

इससे पहले 30 नवंबर को जम्मू के बीएसएफ कैंपस में एनुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। इस दौरान बीएसएफ की जम्मू फ्रंटियर के आईजी शशांक आनंद ने बताया था कि साल 2025 में अब तक बीएसएफ ने पाकिस्तान की 118 चौकियां तबाह की हैं। सरकार ने हमें जीरो घुसपैठ का टारगेट दिया है। हम उसको पूरा करेंगे।

वहीं, बीएसएफ के डीआईजी विक्रम कुंवर ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ ने कई आतंकी लॉन्च पैड नष्ट किए, इसके बाद पाकिस्तान ने बॉर्डर से 72 से ज्यादा टेरर लॉंचिंग पैड शिफ्ट किए हैं। इनमें सियालकोट-जफ्फरवाल में एक्टिव 12 लॉन्च पैड और दूसरी जगहों पर एक्टिव 60 लॉन्च पैड शामिल हैं। हालांकि, ये सभी बॉर्डर से दूर हैं।

व्हाइट हाउस की पूर्व दक्षिण एशिया अधिकारी बोलीं

# राष्ट्रपति पुतिन से पीएम मोदी की वार्ता भारत का संतुलित कदम



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

व्हाइट हाउस की पूर्व दक्षिण एशिया अधिकारी लिसा कर्टिस ने कहा कि नई दिल्ली में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वागत का भारत का निर्णय मॉस्को और वाशिंगटन के साथ अपने संबंधों को संतुलित करने का सोच समझा प्रयास है।

उन्होंने कहा कि यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब व्यापार शुल्क और नीतिगत बदलाव को लेकर अमेरिका-भारत संबंधों में तनाव है। सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी (सीएनएएस) में वरिष्ठ फेलो और इंडो-पैसिफिक सिक्योरिटी प्रोग्राम की निदेशक लिसा कर्टिस ने कहा कि नई दिल्ली में हुए समझौते रूस के साथ भारत के दीर्घकालिक रक्षा और आर्थिक सहयोग में निरंतरता के लिए किए गए हैं।

### आमंत्रण के पीछे अमेरिकी-पाक संबंध

कर्टिस के अनुसार, नई दिल्ली की कूटनीतिक रणनीति को वाशिंगटन के साथ हाल के टकरावों की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मई में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद अमेरिका द्वारा 50% टैरिफ लगाए जाने और पाकिस्तान की ओर झुकाव के कारण अमेरिका-भारत संबंधों में जो गिरावट देखी गई है, उसी के कारण भारत ने राष्ट्रपति पुतिन को आमंत्रण दिया।

### चीन पहुंच सकती है भारतीय तकनीक

कर्टिस ने आगाह किया कि इस तरह के किसी भी सहयोग के द्विपक्षीय संबंधों से कहीं आगे तक निहितार्थ हैं। रूस के चीन के साथ बहुत घनिष्ठ संबंध हैं। इसलिए रूस के साथ उन्नत तकनीक पर किसी भी समझौते का निश्चित रूप से यह मतलब हो सकता है कि चीन को भी भारतीय तकनीक तक पहुंच मिल जाएगी।

### अमेरिका से भारत का सैन्य समझौता बड़ा

कर्टिस ने कहा कि भारत और रूस 2030 तक व्यापार को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। वहीं अमेरिका और भारत ने 2030 तक इसे 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का संकल्प लिया है, जो कि रूस के साथ व्यापार से पांच गुना अधिक है। उन्होंने हाल ही में घोषित हेलीकॉप्टर रखरखाव पैकेज की ओर इशारा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि वाशिंगटन के साथ भारत की सैन्य साझेदारी मजबूत बनी हुई है। भारत ने अभी-अभी अपने अमेरिकी हेलीकॉप्टरों के रखरखाव के लिए 1 अरब डॉलर का समझौता किया है।

**मोदी मौजूदा समय के सबसे प्रभावशाली नेताः मैरी**

अफ्रीकी-अमेरिकी सिंगर और लंबे समय से भारत की प्रशंसक मैरी मिलबेन ने पीएम नरेंद्र मोदी को आज की भू-राजनीति में सबसे प्रभावशाली और सबसे महत्वपूर्ण नेता बताया है। उन्होंने कहा कि यह तथ्य है, इसे नकारा नहीं जा सकता। पीएम मोदी ने भारत को और खुद को वैश्विक राजनीति के केंद्र में पहुंचा दिया है। पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बैठक ने भारत की वैश्विक स्थिति को ज्यादा मजबूत किया है।

## सूर्य किरण टीम के करतबों से मंत्रमुग्ध राजकोट



*राजकोट। गुजरात के राजकोट में नगर निगम ने शनिवार को वायु सेना के सहयोग से शानदार एयर शो का आयोजन किया। शहर में पहली बार आयोजित एयर शो में लड़ाकू विमानों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। विमानों के करतब देख कर दर्शकों ने दांतों तले उंगली दबा ली। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य किरण एरोबैटिक टीम के करतबों के साथ हुई। विमानों ने अद्भुत कुशलता के साथ आसमान में गोता लगाया, लुढ़कते और हवा को चीरते हुए तेजी से सटीक आकृतियां बनाईं, जिससे दर्शक दंग रह गए। सबसे खास आकर्षणों में एक थी आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम। इनके साहसिक फ्री-फॉल फॉर्मेशन ने दर्शकों का मन मोह लिया।*

इजराइली विदेश मंत्रालय बोला

## इजराइल-भारत के बीच सहयोग के अनंत अवसर, संबंध बेहद मजूबत

एजेंसी ▶▶ यरुशलम

इजराइली विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भारतीय पत्रकारों के एक समूह से बातचीत में कहा कि इजराइल और भारत के बीच संबंध बेहद मजबूत हैं तथा दोनों देशों के बीच सहयोग के अनंत अवसर मौजूद हैं। उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना को बेहतरीन करार दिया। उन्होंने कहा कि इजराइल और भारत के बीच संबंध बहुत मजबूत है और ये और भी मजबूत होते जा रहे हैं, नागरिक के साथ ही सैन्य और रक्षा सहयोग के संदर्भ में भी। आईएमईसी परियोजना के बारे में अधिकारी ने कहा कि इजराइल के लिए यह एक बहुत ही अच्छी पहल है। हम इस पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। फिलहाल, दो देश ऐसे हैं जो हस्ताक्षरकर्ता नहीं हैं - जॉर्डन और इजराइल।



इजराइल पीएम नेतन्याहू व पीएम मोदी

## भारतीय सिम पाकिस्तान में आईएसआई चला रही

**जयपुर।** श्रीगंगानगर से पकड़े गए जासूस प्रकाश ने पाक खुफिया एजेंसी के लिए 4 सिम खरीदे थे। उन नंबरों पर आईएसआई की महिला एजेंट ओटीपी हासिल कर वॉट्सएप चलाती थी। फिर उन्हीं भारतीय नंबरों से बॉर्डर एरिया में सेना के जवानों को हनीट्रैप का शिकार बनाती थी। खुफिया एजेंसियों ने मोबाइल खंगाला तो सेना की कई महत्वपूर्ण फोटो-वीडियो एजेंट को भेजे गए थे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी प्रकाश ने राजस्थान और गुजरात के कई सैन्य ठिकानों की रेकी कर फोटो-वीडियो भेजे थे। प्रकाश के एक बैंक खातों में लाखों रुपए के लेनदेन की पुष्टि हुई है।



ताइवान के करीब चीन ने बढ़ाई सैन्य गतिविधियां

## गश्त करते दिखे दो विमान और सात नौसैनिक जहाज

एजेंसी ▶▶ ताइपे (ताइवान)



ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसके क्षेत्र के आस-पास चीनी सेना के दो विमान उड़ान भरते हुए और सात नौसैनिक जहाज गतिविधि करते हुए दिखाई दिए। इसी समय एक चीनी गुब्बारा भी देखा गया। मंत्रालय ने कहा कि ताइवान के रक्षा बलों ने स्थिति की निगरानी और प्रतिक्रिया दी। शनिवार को ताइवान के आसपास चीन के 29 लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी और छह नौसैनिक जहाजों की गतिविधि देखी गई। वहीं, जापान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, चीन के जे-15 लड़ाकू विमान ने शनिवार को दो बार जापान के एफ-15 विमानों पर अपना रडार लॉक किया।

लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर हमला

## 'पेपर स्प्रे' के बाद मचा हड़कंप कई उड़ानें प्रभावित

एजेंसी ▶▶ लंदन



लदन का हीथ्रो एयरपोर्ट फाइल फोटो

ब्रिटेन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर रविवार सुबह पेपर स्प्रे से कई लोगों पर हमला होने के बाद हड़कंप मच गया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने व्यक्ति को हमले के शक में गिरफ्तार कर लिया। हमले के बाद हड़कंप मचने से यात्रियों को भारी परेशानी हुई और कई उड़ानें प्रभावित हुईं। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि यह घटना आतंकवाद से जुड़ी नहीं है और घायलों की चोटें जानलेवा या स्थाई नहीं हैं।

## ट्रंप प्रशासन ने एनएसएस में बदलाव के लिए 29 पन्नों का दस्तावेज जारी किया

ट्रंप ने दस्तावेज को अमेरिका का रोडमैप बताया

# रूस को 'खतरा' नहीं कहेगा अमेरिका ट्रंप बोले- यूरोप का वजूद खत्म हो रहा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ट्रंप प्रशासन ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत अमेरिका अब रूस को 'खतरा' नहीं कहेगा। यह ट्रंप की अमेरिका प्रथम नीति पर आधारित है। अमेरिका ने शुक्रवार को 29 पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया। अब अमेरिका रूस के लिए 'डायरेक्ट थ्रेट' और दुश्मन कहने वाली भाषा का इस्तेमाल नहीं करेगा। रूसी प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने अमेरिका के इस बदलाव का स्वागत किया है। क्रीमिया को 2014 में रूस में मिलाने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण हमले के बाद से अमेरिका रूस को बड़ा खतरा मानता रहा है।

- नई नीति के अनुसार यूएस बेवजह युद्ध नहीं करेगा



दस्तावेज जारी करते अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### यूक्रेन जंग खत्म कराना खास एजेंडा

दस्तावेज में यूक्रेन जंग को जल्द से जल्द खत्म करने की बात कही गई है। इसे अमेरिका का खास एजेंडा बताया गया है। साथ ही रूस के साथ फिर से रणनीतिक स्थिरता बहाल करने की इच्छा जताई गई है।

### नई नीति में 'जो फायदेमंद हो वहीं करो'

नया दस्तावेज ट्रंप के लचीले यथार्थवाद के सिद्धांत पर आधारित है। इसके मुताबिक अब अमेरिका की विदेश नीति बस उसके हितों पर आधारित होगी। इसका एकमात्र मापदंड होगा 'अमेरिका के लिए जो सबसे ज्यादा फायदेमंद है, वहीं करो'। दस्तावेज में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप की विदेश नीति में फायदा देखते हैं।

### जल्द ही यूरोप का अस्तित्व मिट जाएगा

दस्तावेज में कहा गया है कि 20 साल से भी कम समय में यूरोप का अस्तित्व मिट जाएगा। कई यूरोपीय देश इतने कमजोर हो जाएंगे कि वे अमेरिका के भरोसेमंद सहयोगी नहीं रह पाएंगे। अगर यूरोप को अमेरिका का विश्वसनीय सहयोगी बने रहना है तो उसे अपना रास्ता बदलना होगा।

### बेनतीजा रही वार्ता

यूक्रेनी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच तीन दिनों की वार्ता बिना किसी सफलता के खत्म हो गई। वहीं, यूरोपीय नेता सोमवार को लंदन में मिलने की तैयारी कर रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109